

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शुक्रवार, 28 जून 2024 | वर्ष: 01, अंक: 104, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# राष्ट्रपति ने आपातकाल को बताया संविधान का काला अध्याय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने आपातकाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में भारत एक गणतंत्र के रूप में 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है। भारतीय संविधान ने बीते दशकों में हर चुनौती और कसौटी पर खरा उतरा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं। 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मच गया था, लेकिन देश ने ऐसी संवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की है। मेरी



सरकार भी भारतीय संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती। हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। हमारे जम्मू-कश्मीर में संविधान पूरी तरह लागू किया गया है, जहां अनुच्छेद 370 के कारण स्थिति अलग थी। उन्होंने कहा कि मैं 18वीं लोक सभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आप सभी यहां देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर आए हैं। देशसेवा और जनसेवा का ये सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेंगे।उन्होंने कहा कि ये दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। करीब 64 करोड़ मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपना कर्तव्य निभाया है।

### अति पिछड़े जनजातीय समूहों के लिए भी काम हो रहा

राष्ट्रपति ने कहा कि 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-जनमन जैसी योजना आज अति पिछड़े जनजातीय समूहों के उत्थान का माध्यम बन रही है। सरकार, पीएम सूरज पोर्टल के माध्यम से वंचित वर्गों तक आजीविका के अवसरों को पहुंचाने के लिए सुलभ ऋण भी उपलब्ध करा रही है। मेरी सरकार, दिव्यांग भाइयों और बहनों के लिए, किफायती और स्वदेशी सहायक उपकरण विकसित कर रही है।अति पिछड़े जनजातीय समूहों के लिए भी काम हो रहाराष्ट्रपति ने कहा कि 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-जनमन जैसी योजना आज अति पिछड़े जनजातीय समूहों के उत्थान का माध्यम बन रही है। सरकार, पीएम सूरज पोर्टल के माध्यम से वंचित वर्गों तक आजीविका के अवसरों को पहुंचाने के लिए सुलभ ऋण भी उपलब्ध करा रही है।

### विकास प्रक्रिया में महिला भागीदारी सुनिश्चित करेगी सरकार : मुर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार सामाजिक विकास की योजनाओं को एकीकृत कर रही है और विकास प्रक्रिया में विशेषकर महिलाओं को भागीदार बनाने पर जोर दे रही है। श्रीमती मुर्मु ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार गरीबोन्मुखी काम कर रही है और उसके सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ ही उनकी जीवन शैली में बदलाव लाने का काम कर रही है। गरीबों को निशुल्क राशन दी जा रही है और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राष्टपति ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ा रही है और ऊर्जा संरक्षण के लिए हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ रही है। सरकार आधुनिक मानदंड को बढा रही है ताकि भारत विकसित देशों के साथ प्रतिस्पर्धी बन सके।

### प्रश्नपत्र लीक के बारे में दलीय राजनीति से उठ कर उपाय जरूरी : मुर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए इस बात पर बल दिया कि सरकारी भर्ती या परीक्षाओं में रुकावट नहीं आनी चाहिए और प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर दलीय राजनीति से ऊपर उठ कर ठोस उपाय करने की जरूरत है।

राष्टपति ने 18 वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी भी कारण से इनमें रुकावट आए, ये उचित नहीं है। इनमें शुचिता और पारदर्शिता बहुत ज़रूरी है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ संसद भवन परिसर में प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे इन सांसदों का कहना था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी गलत है। सीबीआई कार्रवाई के खिलाफ हाथों में तख्ती लिए इन सांसदों ने तानाशाही नहीं चलेगी, केजरीवाल को रिहा करो के नारे लगाए। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि वे सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर राज्यसभा में भी प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सांसद राष्ट्रपति के




अभिभाषण का भी बहिष्कार करेंगे। आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) का समर्थन भी मिला है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया, ये आपातकाल से भी अधिक तानाशाही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में सवाल पूछे जाएंगे।

## कानून का राज सुशासन की पहली शर्त : योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी को फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई



दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड संसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटेबल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है।सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात

> **पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का गठन किया गया। गत वर्ष पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है।**

वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है। पिछले सात वर्ष के अंदर यूपी पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। कानून के राज ने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया तो राज्य में निवेश, व्यापार की नई संभावनाओं के साथ विकास और रोजगार के नए युग में ले जाने का कार्य किया।सीएम योगी ने कहा कि निवेश, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कैसी होनी चाहिए, यूपी ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह केवल नारे नहीं, जमीनी हकीकत है। हमने बिना भेदभाव पारदर्शी प्रक्रिया से पुलिस बल में पुलिस भर्ती की तो समुचित प्रशिक्षण भी कराया।

### भाजपा मध्यप्रदेश के संसदीय दल की बैठक दिल्ली में

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश संसदीय दल की बैठक नयी दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में हुई। कल देर शाम हुई इस बैठक में प्रदेश की सभी 29 लोकसभा विजयी होने पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल का स्वागत किया।बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उन्होंने नई टीम को बधाई दी और भविष्य के विकास के लिए रोड मैप पर बातचीत की।

## हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**एजेंसी**

**रांची ।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। यानी 11 जुलाई तक वे रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहेंगे। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई।

जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम, झामुमो नेता अंतु तिर्की, रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस



घोष, संजीत कुमार एवं अन्य आरोपियों की भी गुरुवार को अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई।

## बिजली आपूर्ति को लेकर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिले सीएम धामी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली दौरे पर हैं। वो लगातार बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व और दिग्गज नेताओं से शिष्टाचार भेंट कर रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि से मुलाकात की और सभी को बधाई दी।गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और उन्हें हाउस ऑफ हिमालयाज



ब्रांड के स्थानीय उत्पाद भेंट किए।

मुख्यमंत्री धामी ने इस दौरान उनसे राज्य में विद्युत की बढ़ती मांग, ऊर्जा सुरक्षा और बेस लोड क्षमता को पूरा किए जाने को लेकर कोयला आधारित संयंत्रों से उत्तराखंड राज्य को विद्युत का 500 मेगावाट अतिरिक्त कोटा स्थाई रूप से आवंटित किए जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से केन्द्रीय तापीय संयंत्रों से 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति उत्तराखण्ड राज्य को स्थायी रूप से आवंटित किये जाने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बिजली उत्पादन के लिए सिर्फ जल विद्युत केंद्र ही है। इसके चलते राज्य में कुल एनर्जी मिक्स में 55 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा जल विद्युत स्रोतों से प्राप्त होती है। कोयला आधारित संयंत्रों से राज्य के एनर्जी मिक्स में केवल 15 प्रतिशत ही ऊर्जा प्राप्त होती है।

## स्थिर है एम्स में भर्ती आडवाणी की स्थिति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** पेशाब में संक्रमण के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को यहां स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भर्ती कराया गया है और उसकी स्थित स्थिर है। सूत्रों ने बताया कि पेशाब की नली में संक्रमण के कारण उन्हें बुधवार की रात में करीब 11 बजे एम्स में लाया गया। उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। श्री आडवाणी इस समय एम्स के जराचिकित्सा विभाग के डॉक्टर्स की निगरानी में हैं। गौरतलब है कि 96 वर्षीय आडवाणी उम्र संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं और आमतौर पर डॉक्टर उनका घर पर ही जांच करते हैं, लेकिन बुधवार रात उन्होंने पेशाब में संक्रमण की शिकायत



की, जिसके बाद उन्हें एम्स ले जाया गया।बनने के बाद भाजपा के तमाम नेता उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार राजग के नेता चुने जाने के बाद श्री आडवाणी का आशीर्वाद लेने उनके आवास पर पहुंचे थे। उस समय उनका स्वास्थ्य ठीक था।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा0 इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र
राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा0 इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल
प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

## कुशीनगर : 17 दिन के अंदर 1256 विवेचनाओं का किया निस्तारण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर क्राइम कंट्रोल करने वाले पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे विवेचना निस्तारण के के क्रम में जनपद के समस्त थानों द्वारा दिनांक 05.06.2024 से दिनांक 22.06.2024 तक कुल 1256 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

**थानें का नाम**

**विवेचना निस्तारण की संख्या**

को0 पडरौना 161, रविन्द्र नगर धूस 25, जटहां बाजार 38, कुबेरस्थान 45, तुर्कपट्टी 67, हाटा 142, कप्तानगंज 77, अहिरौली बाजार 75, कसया 127, पटहेरवा 62, चौराखास 37, तरयासुजान 47, तमकुहीरा 41, सेवरही 68, विशुनपुरा 55, बरवापट्टी 5 , खड्डा 48, नेबुआ नौरंगिया 57 , हनुमानगंज 22, रामकोला 56, पर्यटन थाना 1 उसने कुल 256 मुकदमों का निस्तारण किया।

## अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की होगी निशुल्क तैयारी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं यथा- आई०ए०एस०, पी०सी०एस०, जे०ई०ई०, नीट, एन०डी०ए०, टी०जी०टी० एवं० पी०जी०टी० इत्यादि की तैयारी/मार्गदर्शन के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत महामाया राजकीय बालिका छात्रावास, मंझनपुर (बस डीपो, मंझनपुर के पीछे) एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय करारी, कोइलहा, भरसवॉ, ककोढ़ा एवं बरैसा में निःशुल्क कोचिंग संचालित हैं। कोचिंग में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं विषय सम्बन्धी मार्गदर्शन के लिए विषय विशेषज्ञों/वातार्कारों की आवश्यकता है।

यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ने देते हुए विषय विशेषज्ञों को सूचित किया है कि शैक्षिक विवरणों एवं अनुभव प्रमाण-पत्र सहित दिनांक 05.07.2024 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय/महामाया राजकीय बालिका छात्रावास, मंझनपुर (बस डीपो, मंझनपुर के पीछे) में उपलब्ध करायें, ताकि सक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जा सकें। इसके लिए मानदेय विभाग द्वारा निर्धारित दर पर किया जायेंगा। विस्तृत जानकारी श्री शिवम तिवारी, कोर्स को-आर्डिनेटर मोबाइल नम्बर-9984919961 से प्राप्त की जा सकती हैं।

## पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए साक्षात्कार 29 जून को

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा) विनियम-2010 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्यालय पर 10 पराविधिक स्वयं सेवकों को नामित किया जाना है।

यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,कौशाम्बी में पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए कार्यालय को अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों में पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश के निदेशानुसार दिनांक 29 जून 2024 को साक्षात्कार की तिथि सुनिश्चित की गई है। जिसमें समस्त आवेदक की उपस्थिति अनिवार्य है।

पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए आवेदक अभ्यर्थी अपने मूल योग्यता प्रमाण पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि दिनांक 29 जून 2024 को अपरान्ह 03 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के कार्यालय में उपस्थित हो।

## हंडिया पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज ।** डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती के निर्देश पर हंडिया पुलिस ने वारंटी आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया। थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त शिव कुमार पुत्र अभयराज निवासी ग्राम बासुपुर थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम बासुपुर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हंडिया. उ0नि0 मणिभूषण शुक्ला. प्रशि0उ0नि0 अमरदीप कश्यप, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## एडीसीपी यमुनानगर ने घूरपुर थाने में की जनसुनवाई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा व पुलिस उपयुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देश पर एडीसीपी यमुनानगर आईपीएस अभिजीत कुमार गुरुवार को घूरपुर थाने में जनसुनवाई की इस दौरान थाना क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर थाना प्रभारी को निस्तारण का निर्देश दिया। तथा एसीपी कौंधियारा कार्यालय मे बीट आरक्षियो से उनकी बीट क्षेत्र के संबंध मे जानकारी ली गयी व बीट बुक चेक कर आवश्यक निर्देश दिए गए ।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक घूरपुर केशव वर्मा समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के अनमोल सिंह 70 केजी भार वर्ग बाक्सिंग में प्रथम स्थान हासिल कर बने चैंपियन



**सबसे तेज प्रयागराज**

**वाराणसी।** 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी में प्रचलित 27वीं पीएसी पूर्वी जोन अन्तरवाहिनी कुस्ती क्लस्टर प्रतियोगिता-2024 के तीसरे दिन खिलाड़ियों में खूब उत्साह देखने को मिला। 70 केजी भार वर्ग बाक्सिंग प्रतियोगिता में 34वीं वाहिनी पीएसी के खिलाड़ी आरक्षी अनमोल सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड अपने नाम किया वहीं दूसरी ओर ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में 55 केजी भार वर्ग में 20वीं वाहिनी के राजन यादव, 60 केजी में अंगद यादव,63 में अनिकेत, 67 में रामनयन, 72 में विक्रांत, 77 में अभिषेक 82 में कौशल, 87 में सुनील यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि 97 केजी भार वर्ग में 42वीं वाहिनी के हरेंद्र व 130 केजी में शुभम मौर्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। आयोजन सचिव पंकज कुमार पांडेय 'आईपीएस' सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के निर्देशन में चल रही यह प्रतियोगिता आज प्रातः सहायक सेनानायक श्री नरेश सिंह यादव द्वारा प्रतियोगी खिलाड़ियों के साथ मिलकर सीसी ब्रजेश राय व बदन यादव की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक शुरू कराई गई। टीम प्रबंधन में टीम कोच पीसी धीरेन्द्र बहादुर सिंह, से0नि0 मु0आ0 कवीन्द्र सिंह, वाहिनी चिकित्साधिकारी डॉ अतुल सिंह, चीफ फार्मासिस्ट बिजेंद्र सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट विनय पाल, अजय प्रताप सिंह, शिविरपाल, गोपाल जी दूबे सूबेदार मेजर व वाहिनी के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवम् बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व आमंत्रित अतिथिगण उपस्थित रहे।

# जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा किया पैदल गश्त





**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में गुरुवार को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गश्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है क्योंकि जनपद कुशीनगर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# कोतवाली पुलिस ने गुम हुये 2 मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में गुम हुए दो मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल धारक को सुपुर्द किया।

आवेदक राजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी अतरसुइया का 1 एन्ड्रॉयड मोबाइल व अनिकेत पाल निवासी वेस्ट बंगाल का 01 एन्ड्रॉयड मोबाइल अन्तर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र से गुम हो गया था जिसकी सूचना आवेदकों द्वारा थाना कोतवाली को दी गयी । इस सूचना पर थाना कोतवाली द्वारा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुम हुये उक्त 02 मोबाइल फोन को गुरुवार को बरामद कर मोबाइल स्वामी/आवेदक राजेन्द्र श्रीवास्तव व आवेदक अनिकेत पाल उपरोक्त को सुपुर्द किया गया । गुम हुये मोबाइल फोन को पाकर आवेदकों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनके द्वारा थाना कोतवाली पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के सार्थक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी ।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रोहित तिवारी

उ0नि0 सुमित श्रीवास्तव, का0 भीष्म शुक्ला, थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज।

# देव शयन 17 से, सभी शुभ कार्य हो जाएगे ठप

**दो माह का शुरू होगा चातुर्मास : स्वामी ब्रह्माश्रम महराज । शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर सरयू दास, जगद्गुरु शांडिल्य महराज आश्रम में करेंगे चातुर्मास । ओम नमः शिवाय का महागुरू पूर्णिमा महोत्सव, भण्डारा 20, 21 जुलाई को**



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भगवान लक्ष्मी नारायण 17 जुलाई से देवशयन में चले जाएंगे जिससे सनातन धर्म में होने वाले सभी शुभ कार्य ठप हो जाएगे। इसी के साथ दो माह का चातुर्मास भी शुरू हो जाएगा जिससे कि सभी संत, महात्मा अपने - अपने आश्रमों में रहकर भगवद् भजन, संत सेवा और भण्डारा चलायेंगे। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन संत, महात्माओं के आश्रम और संस्थाओं की ओर से किया जायेगा जिसमें बड़ी संख्या में शिष्य गुरु पूजन करते हुए भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम जी महराज ने बताया कि गुरू पूर्णिमा से चातुर्मास शुरू होता है लेकिन इस बार भगवान लक्ष्मी नारायण 17 जुलाई को देवशयन में जा रहे है इससे सभी शुभ कार्य स्थगित हो जाएगा। यह सभी शुभ कार्य भगवान लक्ष्मी नारायण के देवशयन से उठने अर्थात 18 सितम्बर से फिर शुरू होगा। उन्होंने बताया कि चातुर्मास के दौरान सभी संत, महात्मा अपने - अपने आश्रमों में रहते हुए भगवद् भजन और संत सेवा करते हैं। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम जी महराज ने बताया कि वह इस बार चातुर्मास हरियाणा के चरखी दादरी स्थित आश्रम में करेंगे, इस दौरान दण्डी संन्यासी चातुर्मास में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन संतों के लिए भण्डारा और रहने की व्यवस्था रहती है। अंत में विशाल भण्डारा, वस्त्र और दक्षिणा से संतों की विदाई होती है।जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती महराज काशी सुमेरुपीठ बड़ी संख्या में संतों और शिष्यों सहित काशी स्थित आश्रम में चातुर्मास करेंगे। श्रीराम झरोखा कैलाश धाम बीकानेर के महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महराज बड़ी संख्या में संतों और शिष्यों सहित चातुर्मास बीकानेर स्थित आश्रम में करेंगे। जगद्गुरु शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर स्थित आश्रम में बड़ी संख्या में शिष्यों और संतों के साथ चातुर्मास करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष का यही दो माह ऐसा होता है कि सभी संत, महात्मा एक स्थान पर रहते हुए भगवद् भजन करते हुए रहते हैं और उसके बाद फिर देशाटन करते रहते है।

ओम नमः शिवाय संस्था प्रयागराज की ओर से महागुरू पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई रविवार को सुबह आठ बजे से ईसीसी कालेज के पीछे गऊघाट पर मनाया जायेगा और दोपहर दो बजे से विशाल भण्डारा शुरू होगा। ओम नमः शिवाय के पूज्य गुरुदेव ने बताया कि 20 जुलाई शनिवार को आश्रम में रुद्र महायज्ञ का सुबह सात बजे से आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव की लीला का मंचन आश्रम स्थित सभागार में सुबह नौ बजे से होगा। गुरुदेव ने बताया कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव में प्रदेश और देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में शिष्य और श्रद्धालु शामिल होंगे। आश्रम के दीपक कुमार ने बताया कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर सबसे पहले भगवान शिव का विधि-विधान से गंगाजल, दूध, दही, शहद, शक्कर, घी, पंचद्रव्य से भव्य अभिषेक, माल्यार्पण , भव्य आरती और भव्य भाव भोग लगेगा, ऐसे में सभी शिष्य महागुरू पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे।?

## ताश के पत्ते की तरह फेटे गए कोतवाल थानेदार और उपनिरीक्षक, शकई पुलिस चौकी इंचार्ज लाइन में भेज दिए गए

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी ।** कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार की देर रात दो इंस्पेक्टर सहित 3 दर्जन उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह का किया गया स्थानांतरण रद्द कर दिया गया है पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए स्थानांतरण में कई पुलिस चौकी इंचार्ज लाइन में भेज दिए गए हैं। उपनिरीक्षक शिवशंकर पांडेय को मंझनपुर थाना से हटाकर इसी थाना क्षेत्र के शमशाबाद चौकी इंचार्ज बनाया गया।

मंझनपुर थाना में रहे उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार को चौकी प्रभारी सिविल लाइंस बनाया गया। चौकी प्रभारी सिविल लाइंस विकास चंद्र मिश्र को पुलिस लाइन भेजा गया। पुलिस लाइन में रहे रणविजय सिंह को चौकी प्रभारी कादीपुर बनाया गया। कादीपुर चौकी प्रभारी रहे चंद्रबली सरोज को पुलिस लाइन भेजा गया। प्रभारी फील्ड यूनिट प्रमेश कुमार को चौकी प्रभारी नारा बनाया गया। नारा चौकी प्रभारी रहे हनुमान प्रताप को गैर जनपद के फल स्वरूप पुलिस लाइन भेजा गया। अर्का महाविरपुर चौकी प्रभारी रहे सियाकांत चौरसिया को चौकी प्रभारी शहजादपुर बनाया गया। करारी थाना में रहे राम सजीवन साहू को चौकी प्रभारी अर्कामहावीरपुर बनाया गया। शहजादपुर चौकी प्रभारी रहे किशन कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया। महेवाघाट थाना में रहे गौरव त्रिवेदी को चौकी प्रभारी हिनौता बनाया गया। हिनौता चौकी प्रभारी रहे अनिल कुमार को पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया गया। सराय अकिल थाना में रहे उप निरीक्षक सुनील कुमार को चौकी इंचार्ज तिलहापुर बनाया गया। तिल्हापुर चौकी प्रभारी रहे अभिषेक गुप्ता को चौकी प्रभारी भरवारी बनाया गया। भरवारी चौकी प्रभारी रहे सत्य प्रकाश सिंह पुलिस लाइन भेजे गए।

कनैली चौकी प्रभारी कमलेश कुमार पांडेय पुलिस लाइन भेजे गए। आईजीआरएस प्रभारी रहे उप नि0 दिलीप सिंह को कनैली चौकी इंचार्ज बनाया गया। बेनीराम कटरा चौकी इंचार्ज अभिषेक शुक्ला पुलिस लाइन भेजे गए। पिपरी थाना में रहे उप नि0 लाल साहब को चौकी इंचार्ज के बेनीराम कटरा बनाया गया। संदीपन घाट थाना में रहे उप निरीक्षक अवधराज को सराय अकिल थाना भेजा गया। हररायपुर चौकी प्रभारी रहे उप नि0 जयंत गुप्ता संदीपन घाट थाना भेजे गई। चौकी प्रभारी उदहिन बाजार आदित्य कुमार पुलिस लाइन भेजे गए। महेवघाट थाना में रहे उप नि0 अनुराग सिंह को चौकी इंचार्ज उद हिन बाजार बनाया गया। चौकी प्रभारी अलीपुरजीता रहे समरजीत वर्मा को पुलिस लाइन भेजा गया। कोखराज थाना में रहे कमलेश कुमार को चौकी इंचार्ज बेनिराम कटरा बनाया गया।

संदीपन घाट थानाध्यक्ष भुवनेश चौबे पुलिस लाइन भेजे गए धीरेन्द्र सिंह कड़ा धाम थानाध्यक्ष बनाए गए आशुतोष सिंह कड़ा धाम से पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष बने पिपरी थाना अध्यक्ष रहे बृजेश करवरिया को पहले एसओजी प्रभारी बनाया गया था लेकिन बाद में उन्हें संदीपन घाट थाना प्रभारी बनाया गया है पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष रहे दिलीप सिंह को कड़ा धाम थाना अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है थाना अध्यक्ष चरवा बलराम सिंह को चरवा से पिपरी थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है आशुतोष सिंह को थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा बनाया गया है तो उर्मिला सिंह को थाना प्रभारी कौशांबी की जिम्मेदारी दी गई है प्रमोद कुमार राय को मोहब्बतपुर पइंसा थाना की जिम्मेदारी तो जगदीश कुमार को चरवा थाना अध्यक्ष बनाया गया है। महिला उप निरीक्षक नीलम राघव को कौशांबी थानाध्यक्ष के पद से हटाकर महिला थानाध्यक्ष बनाया गया।

एसपी ने एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह को संदीपन घाट थाना प्रभारी बनाया लेकिन फिर एसओजी प्रभारी के स्थानांतरण का आदेश वापस ले लिया है उन्हें फिर से एसओजी प्रभारी बना दिया गया है वही संदीपन घाट थाना प्रभारी रहे भुवनेश चौबे को पुलिस लाइन भेजा है।एसपी ने भरवारी चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह को पुलिस लाइन भेजा है वही मंझनपुर एसआई रहे अभिषेक गुप्ता को भरवारी चौकी प्रभारी बनाया है।

## सड़क जाम करने वाले रिक्शा चालकों व बाइक सवारो को पैदल गस्त के दौरान पुलिस ने दी कड़ी हिदायत



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाल इंद्रदेव ने क्षेत्र के चाकवन चौराहे में पैदल गस्त कर बाजार में सभी राहगीरों व संदिग्ध लोंगो की गाड़ी चेक किया और पुलिस ने वाहन चालकों के कागजात की जॉच कर पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लिया और पुल को वाहन स्टैंड बनाने वाले ई रिक्शा चालकों के पुनः सख्ती के साथ चेतावनी दी और जांच कर उन्हें जाम लगाने पर कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी पर छोड़ा चाकवन चौराहे में बाजार में भीड़ से आम जनता को जाम से निजात दिलाई गयी जिससे आने जाने वाले राहगीरों ने पुलिस प्रशासन की सराहना किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में बुजुर्गों को अधीक्षक द्वारा किया गया चश्मों का वितरण



**संजीव विश्वकर्मा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** स्योहारा राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर में जिलाधिकारी बिजनौर के आदेशों के क्रम में बुजुर्ग लोगों को उनकी आंख की जांच करने के उपरांत चश्मों का वितरण किया गया ।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा के अधीक्षक डॉक्टर बी 0के 0स्नेही ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पिछले माह आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति बिजनौर की बैठक में आदेश दिए गए थे कि अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत बुजर्गो और स्कूल जाने वाले बच्चों को जिनकी निगाह कमजोर है उनकी आंख की जांच करने के उपरांत उपरोक्त को चस्मा का वितरण तहसील दिवस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा, स्कूलो में खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा ओर ओपीडी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के द्वारा चश्मा का वितरण करवाया जाए।इसी के क्रम में स्कूल बंद होने के कारण बच्चे न मिलने के कारण बुजुर्गों को सीएचसी स्योहारा में चश्मों का वितरण करवाया गया।इस दौरान आई ऑप्टोमेट्रिस्ट धीरेंद्र कुमार,सुमित कुमार,उमेश कुमार , डॉक्टर राकेश कुमार, डॉक्टर श्वेता समेत आर बी एस के टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए लगाए गुंडा गैंगस्टर एक्ट: तरुण गाबा

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** शहर में अपराध पर लगाम लगाने और महाकुंभ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित त्रिवेणी सभागार में बैठक की गई। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा की अगुवाई में हुए इस बैठक में उपायुक्त नगर दीपक भूकर, गंगानगर, यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती, डीसीपी मुख्यालय आशुतोष द्विवेदी , अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर अभिजीत कुमार, एडीसीपी अपराध सतीश चंद्र, यातायात, हाईकोर्ट सुरक्षा सीता राम, प्रोटोकॉल एवं समस्त सहायक पुलिस आयुक्त समेत प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे। जिसमें पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर संभावित समस्याओं को चिन्हित कर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करें। और उन्हें समय से निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

पुलिस आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि गो-हत्या, गो-तस्करी के अपराधों पर कठोर विधिक कार्यवाही करें। धर्म संपरिवर्तन से सम्बन्धित अपराधों पर तथ्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। पॉक्सो एक्ट एवं बलात्कार से सम्बन्धित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण की विवेचनात्मक कार्यवाही निर्धारित समयावधि दो माह के अन्दर अवश्य पूर्ण कर ली जाये। वहीं वूमेन चाइल्ड रिलेटेड क्राइम में रिस्पान्स टाइम कम से कम हो। पीड़ित के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए।समाधान दिवस सम्पूर्ण समाधान दिवस जनसुनवाई में आये जमीन सम्बन्धी प्रकरणों में राजस्व के साथ संयुक्त टीम गठित कर उनका निस्तारण करायें।




**अपराधियों पर लगाम के लिए लगाए गुंडा एक्ट**

कम्यूनिटी पुलिसिंग पर फोकस करते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि सहयोगी सम्मानित/संभ्रान्त व्यक्तियों से समन्वय बनायें। उनके साथ समयझसमय पर मीटिंग करते रहें। टेक्नोलाजी बेस्ड पुलिसिंग करें साथ ही बेसिक पुलिसिंग बीट सिस्टम, पिकेट गश्त पर फोकस करते हुए अपराधों से संबंधित हॉट स्पॉट चिन्हित कर पुलिस विजिविलिटी बनाये रखें। एवम ट्रैफिक जाम की समस्याओं का एनालिसिस कर एक्सीडेंट के ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर रोड़ सेफ्टी ऑडिट कर लें तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक निवारक उपाय रोड साइन बोर्ड लगवाये जायें। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गुण्डा गैंगस्टर एक्ट में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करायें

**मोहर्रम के सम्बन्ध में करें मीटिंग**

आर्गनाइज्ड क्राइम के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाएं। ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित मामलों में स्पीडी ट्रायल कराते हुए सजा दिलवायें। एक जुलाई 2024 से तीनों नये कानून लागू हो जायेंगे। अपने अधीनस्थों की ट्रेनिंग सुनिश्चित कर लें। मोबाइल एप एनसीआरबी आपराधिक कानूनों का संकलन का उपयोग करें। वहीं आगामी त्योहार मोहर्रम के सम्बन्ध में ताजियादारों से एवं पीस कमेटी की मीटिंग कर लें। ताजिये के रूट देख लें। रास्तों को समय से क्लियर करवा लें। किसी भी दशा में ताजिये नये रास्तों से नही जायेंगे। अगर कोई विवाद हो तो समय से निस्तारित करा लें।

**कांवड़ यात्रा के रास्तों में न चले वाहन**

आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत उपयोग में आने वाले मार्गों पर भ्रमण करलें। मार्गों एवं शिवालयों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये। कांवड़ यात्रा के रास्तों में वाहनों का परिचालन नही होना चाहिए। आगामी होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर लें। परीक्षा केन्द्र सरकारी स्कूल ही बनाये गये है। ऐसे स्कूलों के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य के संबंध में पूर्व यदि कोई आपराधिक गतिविधि हुई है तो उसकी रिपोर्ट तत्काल प्रेषित करें।

## प्रतिभाशाली और ईमानदार नौकरशाह थे मुचकुंद दुबे- प्रोफेसर सत्यकाम, पूर्व विदेश सचिव के निधन पर कुलपति ने शोक जताया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने भारत के प्रतिष्ठित पूर्व विदेश सचिव और जेएनयू के प्रतिष्ठित प्रोफेसर मुचकुंद दुबे के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि एक अत्यंत प्रतिभाशाली और ईमानदार नौकरशाह के रूप में उन्होंने भारत का कई जगह प्रतिनिधित्व किया। वह 1957 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। बांग्लादेश में उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया। कूटनीति से परे उनकी विद्वतापूर्ण गतिविधियाँ व्यापक थीं। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय, ऑक्सफोर्ड और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डिग्री और कलकत्ता विश्वविद्यालय से डी.लिट की उपाधि प्राप्त की। भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद जेएनयू में उन्होंने आठ साल तक अध्यापन किया जो शिक्षा और अनुसंधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि प्रोफेसर दुबे का योगदान वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास सहयोग और दक्षिण एशियाई सहयोग तक फैला हुआ है। उन्होंने इन विषयों पर कई किताबें और पत्र लिखे, जिन्होंने नीति और शिक्षा जगत पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उनकी शोध रुचि में विश्व अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और मौद्रिक प्रणाली, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और निरस्त्रीकरण, विकास सहयोग, विशेष रूप से दक्षिण एशियाई सहयोग और भारत में सामाजिक और आर्थिक विकास से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। वह अपने पीछे प्रतिष्ठित राजनयिक सेवा और अर्थशास्त्र तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में विद्वतापूर्ण योगदान की विरासत छोड़ गए हैं।

प्रोफेसर सत्यकाम ने उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुचकुंद दुबे के परिवार से उनका गहरा नाता था। उन्होंने इस क्षति को गहराई से महसूस किया । प्रोफेसर मुचकुंद दुबे का प्रयागराज से भी गहरा पारिवारिक नाता था। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

## हत्या कर शव छिपाने वाले 2 वांछित गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** सप्ताह भर पहले हत्या कर शव छिपाने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपी को करारी पुलिस ने गुरुवार की गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक करारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि
दिनांक 19.06.2024 को थाना करारी पर वादी महेश द्वारा सूचना दी गयी कि मेरा पुत्र छोटू दिनांक 16.06.2024 को शाम लगभग 08.00 बजे शौच करने गया था जो अभी तक वापस नही आया है । सूचना पर थाना करारी पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही थी ।

खोजबीन के दौरान सर्विलांस के माध्यम से प्रकाश में आये संदिग्ध रंजीत पुत्र राजाराम व रेखा पत्नी रंजीत से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो रंजीत द्वारा बताया गया कि मै अपनी पत्नी से मृतक छोटू का अवैध सम्बन्ध होने के शक में हत्या कर उसके शव को कानपुर से कोलकाता जाने वाले हाइवे पर सड़क के किनारे ठिकाने लगा दिया है । अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी, रस्सी एवं बोरा बरामद किया गया ।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों का हुआ चलान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 113 वाहनों का ई-चालान किया गया ।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना सराय अकिल से 01, थाना चरवा से 01, थाना मो0पुर पइन्सा से 01 ) कुल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## बीती देर शाम बहाल हुई फूलपुर की विद्युत आपूर्ति

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** 220के.वी.ए महावीरन विद्युत केंद्र के पास आकाशीय बिजली गिरने से बुधवार को फूलपुर के कस्बा व ग्रामीण उपकेंद्रों की आपूर्ति धड़ाम हो गई थी। जिसे सभी उप केन्दो के कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर काम करके बहाल कर लिया था। परंतु खंसार उपकेंद्र की आपूर्ति बहाल ना हो पाई तो हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर देर शाम अधिशासी अभियंता गंगापार मनोज कुमार सिंह एसडीओ प्राजंल मिश्रा आदि ढोकरी केंद्र पर पहुंचे और देर रात खंसार की आपूर्ति बहाल कराई। रात भर चलने के बाद सुबह खंसार फिर ब्रेकडाउन में चला गया। उप केंद्र कर्मियों ने जी तोड़ मेहनत करके तीन जगह एच.टी लाइन टूट कर गिरी मिली। जिसे बृहस्पतिवार दिन 1:45 बजे बहाल कराया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

## राज्य निधि से वित्तीय सहायता के लिए दिव्यांगजन करें आवेदन

**अलीगढ़। जिला दिव्यांगजन** सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने जिले के सभी दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि राज्य निधि से दिव्यांगजनों के हितार्थ विवरण के अनुसार वित्तीय सहायता दिये जाने का प्राविधान किया गया है। जिसके क्रम में दिव्यांगजन के हितार्थ 04 प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान है।

उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के लिए, प्रदेश के दिव्यांगजन जिनका खेल, ललित कला,संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर, साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन के लिए, दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय करने के लिए एवं उत्तर प्रदेश के ऐसे दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैमोसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमन्त्री जन अरोग्य योजना एवं मुख्यमन्त्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों, को चिकित्सा के लिए वित्तीय सहायता के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई जाती है।

उन्होंने कहा है कि उपरोक्त श्रेणियों में अर्हता रखने वाले इच्छुक दिव्यांगजन सम्बन्धित श्रेणी के आवेदन का प्रारूप विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सम्बन्धित अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ 02 प्रतियों में अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे उनको राज्य निधि से वित्तीय सहायता प्रदान कराये जाने संम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## डीएम ने विद्यालयों में नशे के प्रति छात्रों को जागरूक किए जाने तथा नशा मुक्ति की शपथ दिलाये जाने के लिए निर्देश दिए

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण व नशा मुक्ति के सम्बंध में प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तरीय नार्को कोआर्डिनेशन की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नशे के प्रति छात्रों को जागरूक किए जाने हेतु अपर जिला विद्यालय निरीक्षक को कार्ययोजना बनाकर माह जुलाई से प्रत्येक माह में जनपद के एक-चौथाई विद्यालयों में भाषण, निबंध, क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन व प्रार्थना स्थल पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने आगामी नार्को कोआर्डिनेशन की बैठक में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी को उपस्थित रहने व कालेजों में नशा मुक्ति के सम्बंध में जन-जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से



स्वरूपरानी मेडिकल कालेज में स्थापित 10 बेड के डिएडिक्शन सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि व्यसनियों की काउंसलिंग किए जाने एवं साथ-साथ भर्ती कर भी इलाज किया जाये।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी उपजिलाधिकारियों से अपनी तहसीलों में अधिकारियों व लेखपालों के माध्यम से लगातार चेकिंग व मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के सम्बंध में जन-जागरूकता अभियान चलाते रहने के लिए कहा है, जिससे कि कोई व्यक्ति मादक पदार्थों का दुरूपयोग व खेती न करें। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर से ड्रग मूवमेंट, सेंसिटिव रूट की जानकारी व उपयोग की सूचना को पुलिस विभाग से साझा करने के लिए कहा है। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को नशे के रूप में प्रयुक्त की जा सकने वाली सभी दवाईयों की सूची प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध कराये जाने के साथ मेडिकल स्टोर पर ऐसी दवाओं की बिक्री का रिकार्ड रजिस्टर बनाये जाने व डाक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना प्रतिबंधित मादक पदार्थ, इंजेक्शन, सिरप की बिक्री न होने पाये, यह सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के प्रति जागरूकता हेतु अभियान चलाये जाने व ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली प्रत्येक बैठक में इसके दुष्परिणामों के बारे में चर्चा किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब को बनाने व बिक्री पर रोक लगाये जाने हेतु लगातार छापेमारी की कार्यवाही करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को अपने संस्थाओं में नशे के प्रति जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, डीसीपी अभिषेक भारती सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 11 लाख की अवैध मारफीन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैदपुर पुलिस अवैध मार्फीन की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर 11 लाख की मार्फिन बरामद करते हुए लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को अभियुक्त अंशू दीक्षित पुत्र बैरन दीक्षित निवासी अमनियापुर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी को नवाबपुर पुलिया, सिद्धौर-जैदपुर रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 110 ग्राम अवैध मारफीन ( अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 11 लाख रुपए) बरामद किया गया।

## जैदपुर पुलिस ने 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 39 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैदपुर पुलिस कच्ची शराब बनाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी किया।

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा देर रात को अभियुक्त सावन कुमार पुत्र रमेशचन्द्र निवासी चन्दौली थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी . सचिन कुमार पुत्र रतीपाल रावत निवासी जरिया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी . सोनू पुत्र रामसरन निवासी चन्दौली थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी . अमित कुमार पुत्र रामनाथ चौहान निवासी हरख थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 39 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किये गये।

## हनुमानगंज पुलिस द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना हनुमानगंज पुलिस टीम द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। थानाध्यक्ष हनुमानगंज अजय पटेल ने बताया कि दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## चोरी के समान के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** एसीपी वरुण कुमार के निर्देश पर धूमनगंज पुलिस चोरी के आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर चार आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा गुरुवार को मुखबिर खास की सूचना पर 4 अभियुक्त धर्मेन्द्र केशरवानी पुत्र लल्लू केशरवानी नि0 708 बजरंग मण्डी थाना मुट्ठीगंज प्रयागराज, अनिकेत उर्फ बाबी पुत्र पंचलाल नि0 बरियापुर थाना हण्डिया प्रयागराज, अमन केशरवानी पुत्र प्रमोद कुमार केसरवानी नि0 706 बजरंग मण्डी मुट्ठीगंज थाना मुट्ठीगंज, शम्भू मालवीय पुत्र सत्यदेव मालवीय नि0 रामसहायपुर थाना मोहम्बतपुर पैन्सा जिला कौशाम्बी को जयरामपुर स्थित



टावर चक सुबेदारगंज थाना क्षेत्र धूमनगंज से टावर पर चढ़कर चोरी करते हुये गिरफ्तार किया गया। तथा उनके कब्जे से चोरी की 03 टावर की पोल पाइप, 01 टावर पट्टी व चोरी करने के उपकरण (01 रस्सा, 01 चैन पुल्ली, 08 स्पैनर, 08 रिन्च, 01 हथौड़ी) बरामद किये गये ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम
चौकी प्रभारी उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार यादव. उ0नि0 सुशील कुमार सिंह, मु0आ0 रुद्रप्रताप सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## रंगदारी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** धूमनगंज पुलिस ने वांछित अपराधियों की तलाश में चेकिंग के दौरान रंगदारी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गुरुवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा रंगदारी में वांछित अभियुक्त अबू आफ पुत्र अब्दुल गफूर निवासी रसूलपुर काशीपुर मरियाडीह थाना पूरामुफ्ती प्रयागराज को मुखबिर खास की सूचना पर मुण्डेरा मण्डी के पास थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

चौकी प्रभारी उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार यादव,हे0का0 रुद्रप्रताप सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## 67 आईटी एक्ट अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना तमकुहीराज पुलिस द्वारा 67 आईटी एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त मुस्तकीम अंसारी पुत्र मुंसरीफ अंसारी साकिन गंभीरपुर परसौनी बुजुर्ग थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## प्रयागराज मण्डल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज हिंमाशु बडोनी की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रयागराज मंडल की बैठक मंडल कार्यालय के संकल्प सभागार में संपन्न हुई । इस बैठक में मंडल के सभी वीभगोन के शाखा प्रमुख उपस्थिति थे। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक/ हिमांशु बडोनी ने राजभाषा की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जिसे हम नैसर्गिक रूप में प्रकट कर सकते हैं। राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग सरकारी कामकाज में करने के लिए हमें इसे अपने दैनिक जीवन में बोलचाल की भाषा और व्यवहार में प्रयोग करना होगा तभी राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में पत्रों, सारपृष्ठों, फाइलों पर प्रयोग किए जाने वाले वाक्यों आदि में क्लिष्ट हिंदी का प्रयोग न कर सहज रूप से समझ में आने वाले शब्दों का प्रयोग किया जाय । उन्होंने आगे कहा कि हिंदी को हमें स्वयं के कर्तव्य के रूप में प्रयोग करना चाहिए न कि किसी दबाव अथवा सुझाव के रूप में । सर्वप्रथम हमें राजभाषा हिन्दी बोलते वक्त स्वयं को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए क्यूँकि हम भारतीय हैं और भारत आम जनमानस की भाषा हिन्दी है । अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को अपने मनोभावों को व्यक्त करने में अपनी भाषा का प्रयोग करना चाहिए और सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान हिंदी प्रगति का भी जायजा लें और पायी गई कमियों को दूर कराने हेतु ठोस कदम उठाएं।

बैठक के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी नवीन प्रकाश ने प्रयागराज मंडल में राजभाषा हिंदी की प्रगति से सभी शाखाधिकारियों को अवगत कराया । बैठक के दौरान सभी शाखाधिकारियों सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य संजय सिंह एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन अजय कुमार राय भी उपस्थित रहे । बैठक के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला; वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मनीष कुमार खरे; वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, राजीव चतुवेर्दी ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन जनसंपर्क अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी, अमित कुमार सिंह ने किया।

## आलेमऊ गांव में सांत्वना देने पहुंची प्रमुख सहसों गीता सिंह

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** पूर्व एडीओ पंचायत श्याम लाल यादव निवासी आलेमऊ की धर्मपत्नी शांति देवी के मार्ग दुर्घटना में दुखद मौत की खबर पाकर सहसों ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह भी बृहस्पतिवार को आलेमऊ गांव पहुंची और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देते हुए उन्हें ढाढंस बधाया। प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि ईश्वर की ओर से उनका समय पूरा हो चुका था। मार्ग दुर्घटना तो एक बहाना था। मौत तो एक बहाने से आती है। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी मसूद खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आपका बच्चा भी होते जा रहा है आक्रामक तो उसे कंट्रोल करने में ये टिप्स आएंगे आपके काम



कई बार बच्चों में आक्रामक व्यवहार नजर आने लगते हैं। इसलिए उनकी अच्छी परवरिश के लिए जरूरी है कि उनके इन व्यवहार के पीछे के कारण को समझा जाए। इसकी मदद से ही आप उनकी समस्या को समझा पाएंगे। इसलिए जरूरी है कि समस्या को कम करने में आप उनकी मदद कर सकते हैं। आइए जानें क्या हो सकता है बच्चों के आक्रामक व्यवहार के पीछे के कारण।

छोटे-छोटे हंसते मुस्कुराते, खेलते-कूदते बच्चे कितने प्यारे लगते हैं। लेकिन कभी-कभी अचानक इनकी कुछ आक्रामक गतिविधियां इन पर गुस्सा करने पर मजबूर कर देती हैं। हालांकि, इनके द्वारा की जाने वाली इन आक्रामक गतिविधियों के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिन्हें हमें समझना चाहिए। तभी हम अपने बच्चों के इस तरह के आक्रामक व्यवहार को कम कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं आक्रामक व्यवहार वाले बच्चों में होने वाले इस व्यवहार के कारणों के बारे में और इससे उन्हें कैसे बचाया जाए।

**बच्चों में आक्रामकता के कारण**

शैक्षणिक तनाव- अक्सर बच्चे पढ़ाई के डर, कम मार्क्स, मन न लगना आदि के कारण आक्रमक हो जाते हैं।

अस्वस्थ पारिवारिक माहौल- कई बार घर का माहौल खराब होने के कारण जैसे माता-पिता के बीच लड़ाई-झगड़े के कारण भी बच्चे आक्रमक होते हैं।

**घर से दूर रहने से बच्चों में अक्सर ये लक्षण देखे जाते हैं।**

बच्चों की व्यक्तिगत शारीरिक और मानसिक परेशानियां भी बार उनके आक्रमक होने का कारण होती है।

इन सभी कारणों से होने वाली आक्रामकता को कम करने के लिए कुछ टिप्स अपना सकते हैं, जिनसे आप अपने बच्चों को मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखना सिखा सकते हैं

**बच्चों के साथ दोस्ती का रिश्ता रखें**

पैरेंट्स को अपने बच्चों के साथ दोस्ती का रिश्ता कायम रखना चाहिए। इससे बच्चों के मन से झिझक और डर खत्म होता है और वे आपके करीब आते हैं और अपनी सारी बातों को शेयर करते हैं।

**बच्चों को नए काम के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें**

अक्सर बच्चे अपनी उपलब्धियों पर प्रोत्साहन न मिलने की वजह से अपने बड़ो से नफरत करने लगते हैं, जिससे वे आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। इसलिए पैरेंट्स या शिक्षकों को बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे बच्चों में नए कार्य को करने की प्रेरणा मिलती है और आक्रामकता कम होती है।

**कार्य को करने का सही तरीका**

पैरेंट्स को अपने बच्चों को किसी भी काम को धैर्य और प्यार के साथ सही तरीके से करना सिखाना चाहिए। इसके साथ ही छोटे छोटे मुद्दों के प्रति आक्रामक रवैया अपनाना गलत आदत है.ये भी समझाना चाहिए।

**बच्चों को ध्यान से परिचित कराएं**

ध्यान अध्यात्म से जुड़ा मानसिक शांति पाने का सबसे अच्छा तरीका है। इसलिए बच्चों को ध्यान करना जरूर सिखाना चाहिए, जिससे मानसिक शांति मिलती है और जो बच्चों में आक्रामकता को कम करता है।

**सीमाएं निर्धारित करें**

बच्चों के आक्रामक व्यवहार के विरुद्ध एक सीमा रेखा स्थापित करें, जिसकी याद पेरेंट्स हमेशा उन्हें दिलाते रहें।

# आपातकाल की यादें, तानाशाही का खतरा और संविधान की रोशनी

भाजपा उस संविधान को बदलने जा रही है जिसके कारण दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं आदि के अधिकार सुरक्षित हैं। इसे बचाने के लिये ही इंडिया का न केवल गठन हुआ बल्कि वह एकजुट भी बना रहा। जेडीयू के नीतीश कुमार और राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी द्वारा ऐन चुनाव के पहले एनडीए खेमे में चले जाने के बावजूद इंडिया ने मजबूती से चुनाव लड़ा और उसने लोकसभा में मोदी-भाजपा को पूर्ण बहुमत से काफी दूर रोक लिया।सोमवार की सुबह जब 18वीं लोकसभा के दरवाजे नवनिर्वाचित सदस्यों के लिये खुले, तब उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नयी शुरुआत करेंगे, वह इस मामले में कि अगर पिछले दो कार्यकाल के बाद उन्हें राजनीतिक घटनाक्रम ने यह अवसर दिया है कि वे लगातार तीसरी बार देश का सर्वोच्च पद प्राप्त कर पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर सके हैं, तो उन्हें उनके जैसा बनने की नये सिरे से कोशिश करनी चाहिये। %घटनाक्रम% ही क्योंकि उनके नेतृत्व व चेहरे के आधार पर लड़े गये चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सीटें 303 से घटकर 240 रह गयीं। देखें तो जनादेश उनके विपरीत है। %उम्मीद% इसलिये कि अब उनकी सरकार को स्पष्ट बहुमत नहीं है। तेलुगु देशम पार्टी तथा जनता दल यूनाइटेड के समर्थन पर वह टिकी है। बड़े बहुमत से सत्ताधीश का निरंकुश हो जाना तो समझ में आता है लेकिन जो व्यक्ति एक नहीं दो-दो दलों के समर्थन की बैसाखियों पर टिका हो, वह यदि पुराने ढर्रे पर चलना चाहे तो उसका गिरना तय है। यदि मोदी को यह डर भी नहीं है तो यह अपने आप में खतरनाक संकेत हैं क्योंकि ऐसा शासक या तो सब कुछ मैनेज कर चुका होता है या उसके हाथ बड़े हथियार होने का अंदेशा है।बहरहाल, मोदीजी ने सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के सामने दिये अपने भाषण में उन्हीं तीन-चार तरह की बातें कहीं, जो कहने के वे आदी हैं; और जिन्हें सुनने का देश कान पकने तक आदी हो चुका है। इतिहास के दुखद व कटु प्रसंगों को सन्दर्भ से काटकर पेश करने में महारत हासिल किये बैठे मोदी ने अपनी तीसरी पारी का प्रारम्भ उसी अंदाज़ में करते हुए संदेश देने की कोशिश की है कि वे अल्पमत में होने के बावजूद न तो अपना लहज़ा बदलेंगे और न ही नकारात्मकता उनके स्वभाव से जायेगी। 10 साल तक स्वच्छंदतापूर्वक शासन करने वाले मोदी ने आपातकाल की याद दिलाई और चेतावनी दी कि अगले कई वर्षों तक कोई तानाशाह बनने की नहीं सोचेगा। दरअसल, वे अपनी ही अघोषित तानाशाही के अपराध भाव से ग्रस्त हैं




इसलिये खुद को क्लीन चिट देने की प्रक्रिया में 50 वर्ष पहले के इमरजेंसी को याद कर रहे हैं। दूसरे, वे इससे भी परेशान हुए होंगे कि जब वे शपथ ले रहे थे तब विपक्षी दलों के सदस्य उन्हें संविधान की प्रतियां दिखा रहे थे। वैसे भी 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के वक्त सीढ़ियों को माथा टेककर संसद भवन में प्रवेश करने वाले मोदी दूसरे कार्यकाल के समापन तक पहुंचते-पहुंचते संविधान की बजाय राजतंत्र के प्रतीक सेंगोल को आत्मसात कर चुके थे।

अब एक बात साफ हो गई है कि दूसरी बार (2019) की तरह नहीं लेकिन पहली बार जैसा भी बहुमत लेकर यदि मोदी आ जाते तो वे वह सारा कुछ करने में जुट जाते जो उनसे पहले के दो कार्यकालों में करना रह गया था। हां, 370 और 400 का उनका लक्ष्य पूरा हो जाता तो जिस संविधान को विपक्ष के सांसद लहरा रहे थे और जिसकी प्रतियां दिखाते हुए राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार का एक बड़ा हिस्सा गुजारा, वह कूड़ेदान के हवाले कर दिया गया होता। जब चुनावों में इसके संकेत मिलने लगे थे कि भाजपा व उसका गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) लक्ष्य से दूर ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनकी सत्ता बचनी भी मुश्किल हो रही है, तब कहीं खुद मोदी और उनके मुख्य सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहना शुरू किया कि सरकार बनाने के बाद उनका संविधान बदलने का कोई इरादा नहीं है। इसका कारण यह था कि लोगों तक यह बात पहुंच गयी थी कि भाजपा उस संविधान को बदलने जा रही है जिसके कारण दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं आदि के अधिकार सुरक्षित हैं। इसे बचाने के लिये ही इंडिया का न केवल गठन हुआ बल्कि वह एकजुट भी बना रहा। जेडीयू के नीतीश कुमार और राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी द्वारा ऐन चुनाव के पहले एनडीए खेमे में चले जाने के बावजूद इंडिया ने मजबूती से चुनाव लड़ा और उसने लोकसभा में मोदी-भाजपा को पूर्ण बहुमत से काफी दूर रोक लिया।यह तो सच है कि मोदीजी पहले के मुकाबले काफी कमजोर होकर संसद में लौटे हैं परन्तु भारत का लोकतंत्र अभी खतरे से पूरी तरह से बाहर नहीं निकला है। मोदीजी अभी आपातकाल की यादें दिलाकर लोगों को डराने की कोशिश कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि लोग पूरा तथ्य जाने बिना ही उनकी हां में हां मिलाएं और उस परिवार (गांधी) तथा पार्टी (कांग्रेस) के प्रति घृणा करते रहें जो आपातकाल लागू करने के जिम्मेदार थे। वह 50 वर्ष पहले की बात थी और उसे देखने-समझने वाली पीढ़ी के ज्यादातर लोग गुजर चुके हैं या जिन्होंने उसे देखा था वे पिछले दस साल से मोदी का शासनकाल भी देख चुके हैं। उनमें से बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो जबरिया नसबंदी, प्रेस सेंसरशिप जैसे कुछ कदमों को छोड़कर मानते हैं कि सामान्यजनों को उसका दंश वैसा नहीं भोगना पड़ा है जैसी कि मोदी प्रदत्त महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, आर्थिक बदहाली आदि के कारण जनसामान्य की तबाही हुई है। फिर दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं पर जो अत्याचार हुए वैसे 1975 में लगी इमरजेंसी में नहीं हुए। उल्टे, वे बेहद महफूज़ रहे।

हालांकि इसके कारण आपातकाल को तर्कसंगत व औचित्यपूर्ण नहीं कहा जा सकता। वह ऐतिहासिक भूल थी और उसी से सबक लेकर ऐसे हर शासक का विरोध करना अनिवार्य हो जाता है जो तानाशाह बनने की कोशिश करे। बेहद सख्ती के बाद भी इंदिरा गांधी का विरोध हुआ था और उसी अपरिहार्यता के तहत मोदी की तमाम कोशिशों का प्रतिरोध होता है। होता रहेगा।मोदीजी के इस रवैये, स्थायी रूप से सत्ता पाने की भाजपा की सम्भावित चालबाजियां, अनंत काल तक शासक बने रहने की मोदीजी की लालसा, पार्टी के पास अकूत धन, जनप्रतिनिधियों व नेताओं की पैसों के लिये पलटने की प्रवृत्ति आदि ऐसे कई तत्व हैं जिनसे संकेत मिलते हैं कि भाजपा अपने बल पर पूर्ण बहुमत पाने के लिये कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। कुछ दिनों से ठप्प पड़ा %ऑपरेशन लोटस% अगर रिएक्टिवेट हो जाये तो आश्चर्य नहीं। यानी अंधेरा अभी पूरी तह से छंटा नहीं है। ऐसे में विपक्ष और लोकतंत्र व नागरिक अधिकारों में यकीन रखने वाले क्या करें? जब तक सूर्य चमक रहा है, उसके उजाले में चला जाये। सूर्य अस्त हो जाये तो टिमटिमाते सितारों की रोशनी में चलते रहेंगे। सितारे भी फ़ना हो जायें तो जुगनुओं की चमक के सहारे राह ढूंढ़ी जाये। जुगनू भी रोशनी बिखरने में असमर्थ हो जायें तो उस दीये के प्रकाश में आगे बढ़ा जाये जो बाबा साहेब अंबेडकर देशवासियों के हाथों में थमा गये हैं और जिसे बुझाने की कोशिश की जा रही है। सोमवार व मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने %संविधान% नाम का यह दीपक ही हाथों में लेकर लोकसभा सदस्यता की शपथ ली। ज्यादातर ने इसी दीपक के नाम की शपथ लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का आगाज़ किया है। जैसा कि कहा जा रहा था, कि यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस लिहाज से कि भारत के लोकतंत्र के भविष्य का निर्धारण इससे होगा। विपक्ष ने छोटी लड़ाई ही जीती है, मुख्य युद्ध तो बाकी है, लेकिन संतोष इसी का है कि संविधान रूपी यह दीप मशाल की तरह प्रखर हो चुका है।

## संपादकीय

### मोदी की हठधर्मिता से अध्यक्ष का चुनाव

भारत के संसदीय इतिहास में लोकसभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की बजाय परस्पर सहमति से बिठाने की परम्परा रही है। इसका कारण यह है कि इस पद पर बैठने के बाद कोई भी व्यक्ति दलगत हितों एवं प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठ जाता है। इसलिये इस बेहद महत्वपूर्ण पद के लिये ऐसे व्यक्ति का चुनाव किया जाता है जो न केवल सदन के नियमों का जानकार हो, स्वयं पर्याप्त समय उसने लोकसभा में सदस्य के रूप में गुजारा हो तथा उसके सभी दलों के साथ व्यक्तिगत तौर पर अच्छे सम्बन्ध हों। सदन के भीतर यह पद प्रधानमंत्री से भी ऊंचा होता है जो सरकार को भी आदेश देता है। सदन के कामकाज को लेकर उसकी बात अंतिम होती है जो सत्तारुढ़ व विपक्ष दोनों के लिये ही मान्य व अकाट्य होती है।

जिस प्रकार पिछले दो कार्यकालों में प्रधानमंत्री ने समस्त संवैधानिक नियमों, परम्पराओं एवं रुढ़ियों को ध्वस्त किया है उससे भारत की संसद भी नहीं बची। दोनों ही सदनों (लोकसभा व राज्यसभा) की उज्ज्वल परम्पराओं को जिस प्रकार से मोदी व उनकी सरकार ने मैला किया है, उससे लोकतंत्र को इसी मुकाम पर पहुंचना था कि लोकसभा को यह दिन देखना पड़ रहा है जिसमें अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हो रहा है। सत्ता दल यानी भाजपा तथा उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) की ओर से पिछले अध्यक्ष ओम बिरला को ही फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। उल्लेखनीय है कि यह दूसरा मौका है जब लोकसभा में इस पद के लिये पक्ष-विपक्ष ने अपने-अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। देश के पहले आम चुनाव के बाद बनी प्रथम लोकसभा में (1952) कांग्रेस ने जीवी मावलंकर तथा विपक्ष ने शंकर शांताराम मोरे को इस पद के लिये उम्मीदवार बनाया था। मावलंकर ने 394-55 से जीत हासिल की थी।अपने स्वभाव के मुताबिक मोदी एवं उनके रणनीतिकार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों से राय-मशविरा किये बगैर ही बिड़ला को उन्हें खड़ा किया है। स्वाभाविकतः प्रतिपक्ष इंडिया गठबन्धन आंख मूंदकर उन्हें समर्थन नहीं दे सकता। उसकी ओर से कांग्रेस के अत्यंत वरिष्ठ सदस्य के. सुरेश को प्रत्याशी घोषित किया गया है। सुरेश केरल की मावेलिक्कारा सीट से 8 बार चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे हैं। वे एक दलित नेता हैं जो पहली बार 1989 में जीते थे और 2009 में डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में श्रम व रोजगार मंत्री भी रहे। वे इस समय सदन में सर्वाधिक बार जीतने वाले सदस्यों में से एक हैं। उम्मीद तो यही थी कि के सुरेश को ही उनकी वरिष्ठता को देखते हुए प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता जो नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते। इस निर्णय के साथ ही मोदी-शाह ने संकेत दे दिये थे कि वे पहले जैसे निरंकुश होकर सत्ता चलाएंगे। इस पद को लेकर वैसा ही हुआ।केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से समझौते की कोशिश की परन्तु बात बनी नहीं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल एवं द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के टीआर बालू के साथ उनकी चर्चा तो हुई पर वह निष्फल सिद्ध हुई। दोनों ने राजनाथ सिंह के कक्ष के बाहर आकर कहा कि सत्ता पक्ष उनकी मांग के अनुसार सदन का उपाध्यक्ष पद भी विपक्ष को देने हेतु तैयार नहीं है। ऐसे में सहमति का सवाल ही नहीं उठता।

इसके साथ ही तय हो गया कि दोनों पक्षों के प्रत्याशियों के बीच मतदान के जरिये नये लोकसभाध्यक्ष का नाम तय होगा। बुधवार की सुबह 11 बजे मतदान होगा। विपक्ष को यह भी शिकायत है कि सुरेश की वरिष्ठता को नज़रंदाज किया गया। उनकी बजाय भतृहरि मेहताब को प्रोटेम अध्यक्ष बनाया गया जिन्होंने सदस्यों को शपथ दिलाई। विपक्ष की यह शिकायत इसलिये भी वाजिब कही जा सकती है कि सुरेश ने तो लगातार एक ही दल (कांग्रेस) में रहते हुए 8 बार जीत दर्ज की है जबकि मेहताब 7 बार के सांसद हैं जिनमें से पहले 6 बार उन्होंने बीजू जनता दल से चुनाव लड़कर विजय हासिल की थी। बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गये थे। वैसे सातवीं बार, परन्तु भाजपा की टिकट पर पहली बार वे जीते हैं।विपक्ष की यह पहली नाराज़गी नहीं है। इसके पहले जब प्रोटेम स्पीकर की मदद के लिये उपाध्यक्षों का जो पैनल बनाया गया उस पर भी भाजपा ने विपक्ष से राय नहीं ली।

इसका नतीजा यह हुआ कि विपक्षी दलों से पैनल के लिये जो तीन लोग निर्धारित किये गये थे उन्होंने यह पद सम्हालने से इंकार कर दिया। अब भी बिड़ला व सुरेश के बीच जो मुकाबला होने जा रहा है वह इसी कारण से हो रहा है क्योंकि विपक्ष पहले डिप्टी स्पीकर पद के लिये आश्वासन चाहता था जबकि राजनाथ सिंह कहते रहे कि पहले विपक्ष बिड़ला के लिये समर्थन जाहिर करे। जहां तक डिप्टी स्पीकर की बात है, वह बाद में देखा जायेगा।परम्पराओं की बात अगर एक ओर रख दी जाये तो भी विपक्ष से यह उम्मीद करना उसके साथ ज्यादती होगी कि वह ओम बिरला को समर्थन दे क्योंकि पिछले कार्यकाल में उन्होंने विपक्ष को कुचलने में अहम भूमिका निभाई थी। चर्चाओं में वे सरकार को बचाते थे।

# योग दिवस पर एक ही दिन में बने कई विश्व रिकॉर्ड

योग का भारत में संस्कृति के साथ सदियों पुराना जुड़ाव है बल्कि यूं भी कह सकते हैं कि भारत में योग की शुरूआत भारतीय संस्कृति के साथ ही जुड़ी है। भारत ने पूरी दुनिया को योग करना सिखाया है और भारत के कारण ही दुनिया के तमाम देश अब योग की महत्ता को समझने लगे हैं। करीब 5000 वर्ष पहले भारत से शुरू हुई योग की परंपरा शरीर और मन के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन को जोड़ती है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'जुड़ना' अथवा 'एकजुट होना', जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। भारत की प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मान्यता मिलने के बाद से पिछले 10 वर्षों में योग दिवस पर कई रिकॉर्ड बने हैं।

2015 से लेकर अब तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नाम कई रिकॉर्ड 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो चुके हैं। 2015 में पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कुल 35985 भारतीयों ने एक साथ योग करके सबसे बड़े योग सत्र का पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया था जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर योग सत्र में कुल 84 देशों के भाग लेने पर बना था। योग को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड तब बना था, जब 2018 में राजस्थान के कोटा में करीब 1.05 लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया था। 2023 में दुनियाभर से कुल 23.4 करोड़ लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भी विश्व रिकॉर्ड कायम किया था, वहीं 2023 में ही गुजरात के सूरत में योग दिवस कार्यक्रम में योग सत्र में 1.53 लाख लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उस योग कार्यक्रम के लिए करीब 300 मीटर चौड़ी दो सड़कों के 4 किलोमीटर लंबे हिस्से को योग प्रतिभागियों कालीन से ढ़का गया था। उससे पहले यह रिकॉर्ड 2018 में राजस्थान के कोटा शहर के नाम दर्ज था, जहां योग सत्र में करीब एक लाख लोग जुटे थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड़ स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय के साथ 140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड़ स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। वहीं, हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में तो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर



पर एक नया इतिहास रचा गया। 'अक्षर योग केंद्र' ने 5 विशिष्ट योगासनों का वैश्विक मानकों पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके 5 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित इस स्पर्धा के जरिये योग की सार्वभौमिक अपील यानी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसके गहन लाभों का संदेश पूरी दुनिया देने का प्रयास किया गया। इन पांच वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले आसनों में नौकासन, कौंडिन्य आसन (ऋषि कौंडिन्य मुद्रा), चक्रासन, भगवान शिव की एक मुद्रा नटराजासन, पांच मिनट तक लगातार सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।हालांकि अक्षर योग केंद्र ने त्रिपुरा वासिनी, पैलेस ग्राउंड, बेंगलुरु में प्रभावशाली वैश्विक भागीदारी में सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार करने की योग की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए कुल सात आसनों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए प्रयास किया था लेकिन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने सभी मानकों का अध्ययन करने के बाद इनमें से पांच आसनों में रिकॉर्डों को मान्यता प्रदान की जबकि दो आसनों पर रिकॉर्ड की मान्यता अभी समीक्षाधीन है, जिन्हें विचार के लिए लंदन भेजा जाएगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के वरिष्ठ निर्णायक स्वप्निल डांगरीकर और ऋषिनाथ के मुताबिक 5 रिकॉर्ड सफलतापूर्वक पूरे किए गए थे। इसकी पुष्टि करते हुए स्वप्निल डांगरीकर का कहना था, ''मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि टीम अक्षर योग केंद्र ने सफलतापूर्वक 5 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब स्थापित किए हैं और मुझे याद नहीं आता कि मैंने एक ही दिन में इतने सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाणपत्र दिए हैं।''अक्षर योग केंद्र द्वारा ये विश्व रिकार्ड बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें छात्र, अनाथालयों के बच्चे, व्यापारिक समुदाय के सदस्य और कॉरपोरेट घराने भी शामिल थे। इसमें भाग लेने वाले एनसीसी ग्रुप 'ए' बेंगलुरू के 1200 से अधिक एनसीसी कैडेटों का भी विशेष योगदान रहा। उनके साथ उप महानिदेशक, एनसीसी डीटीई कर्नाटक और गोवा, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय 'ए' बेंगलुरु, कमांडिंग ऑफिसर, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, ग्रुप 'ए' एनसीसी बटालियन के स्थायी प्रशिक्षक भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा थे। इस गरिमामय समारोह में 20 से अधिक विभिन्न देशों के प्रतिभागी शामिल हुए थे। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के अनुसार योग दिवस के मौके पर ये रिकॉर्ड बनाने का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर योग के असंख्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, दुनियाभर के लोगों को समग्र स्वास्थ्य और आंतरिक शांति के लिए इस अभ्यास को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिमालयन सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इस अवसर पर योग के गहन प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया, साथ ही समर्पित अभ्यास के माध्यम से अनुशासन का प्रदर्शन किया गया।उल्लेखनीय है कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित अक्षर योग केंद्र इसके विविध लाभों को प्रदर्शित करने के लिए नियमित रूप से फिटनेस शिविर, मुद्रा कार्यशालाएं और ध्यान सत्र आयोजित करता है। हिमालयन सिद्ध अक्षर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित एक आध्यात्मिक योग गुरु हैं, जो अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, अध्यक्ष, पाठ्यक्रम निदेशक, विश्व योग संगठन के अध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय सिद्ध फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। योग गुरु अक्षर का कहना है कि योग शरीर, मन और आत्मा का एक अभिन्न अंग है। योग इन तत्वों को एकजुट करता है और मानवता के लिए एक अनमोल उपहार के रूप में कार्य करता है। एक साथ पांच विश्व रिकॉर्ड कायम करने की उपलब्धि को लेकर उनका कहना है कि यह अविस्मरणीय घटना वास्तव में लोगों के लिए एक आशीर्वाद है, जो उन्हें योग के अभ्यास को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। यह दुनियाभर में एक शक्तिशाली संदेश भेजती है, जिससे हर किसी को योग के गहन महत्व और इसके लाभों का अहसास होता है। इसके अलावा यह उपलब्धि हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करती है, साथ ही समग्र स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत करती है।अक्षर योग केंद्र द्वारा एक साथ बनाए गए पांच विश्व रिकॉर्ड के अलावा एशियन योग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता 20 वर्षीया भूमि तिवारी ने भी जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट और भारतीय आदर्श योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मोती महल के लॉन में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान 'रामदूत आसन' की मुद्रा को निरंतर 35 मिनट और 27 सैकेंड तक बनाए रखते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। भूमि के मुताबिक 'रामदूत आसन' में पैरों को विपरीत दिशाओं में सबसे ज्यादा फैलाना और फिर सामने वाले पैर की उंगलियों को छूने के लिए झुकना होता है और यह सबसे कठिन, 'डी' श्रेणी का आसन है, जिसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 0.9 अंक प्राप्त हुआ है। भूमि तिवारी द्वारा बनाए गए इस नए रिकॉर्ड की सूचना 'योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल' को दी गई है।

## सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज़ कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी।श्री वेणुगोपाल ने बयान में कहा कि श्री पित्रोदा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गयी है। गौरतलब है कि श्री पित्रोदा ने इस वर्ष मई में चुनाव के दौरान अपने एक बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था।

## रेल यात्रा वृत्तांत पर अखिल भारतीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव और हिंदी के प्रति रूचि को प्रोत्साहित करने तथा रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना प्रारम्भ की है। योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण ''रेल यात्रा वृत्तांत'' विषय पर न्यूनतम 3000 से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध टाइप कराकर दो प्रतियों में आगामी 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), काफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नयी दिल्ली-110002 पर भेज सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए प्रथम पुरस्कार 10000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 8000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 6000 रुपये तथा चार-चार हजार रुपये के पांच प्रेरणा पुरस्कार घोषित किये हैं।

## धामी ने बिरला से की भेंट,दूसरे कार्यकाल की दी बधाई

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नयी दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भेंट कर उन्हें लोकसभा अध्यक्ष के रूप



में दूसरे कार्यकाल की बधाई व शुभकामनाएँ दीं। श्री धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री बिरला के अनुभव का लाभ सदन व सांसदों को मिलेगा एवं उनके कुशल नेतृत्व में सदन की कार्यवाही व्यवस्थित व सुगम रूप से संचालित होगी और हमारे देश का महान लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा।

## बाल रंग महोत्सव में बच्चों ने सामाजिक बुराइयों को किया उजागर



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बाल रंगमंच की संस्था सेंटर आफ थियेटर आर्ट एंड चाइल्ड डवलपमेंट - उड़ान के बाल रंग महोत्सव में बच्चों ने नाटकों के मंचन से सामाजिक बुराइयों और समस्याओं को उजागर किया है।उड़ान ने यहां बताया कि महोत्सव में प्रख्यात रंगकर्मी संजय टुटेजा के दिशा निर्देशन और संयोजन में छह नाटकों का मंचन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बच्चों की प्रतिभा देख दर्शक गदगद हो गये और नाटकों के मंचन के काफी देर बाद तक अपनी कुर्सियों पर जमे रहे।

# दिल्ली पुलिस में शामिल हुए 1353 नए पुलिसकर्मी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के झरोदा कलां स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में आज एक बड़े पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 1355 नए पुलिसकर्मी इस परेड में शामिल हुए। उन्होंने दिल्ली पुलिस अकादमी में अपनी अपनी ट्रेनिंग पूरी की है। इनमें से 1353 पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस के अलग-अलग पदों पर भर्ती हुए हैं। जबकि दो पुलिसकर्मी दमन एवं दीव पुलिस के हैं, उनकी ट्रेनिंग भी दिल्ली पुलिस अकादमी में हुई है।

करीब चार हजार लोगों के बीच इस पासिंग आउट परेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर दीपेंद्र पाठक ने मार्चिंग दस्ता की सलामी ली। इसमें कई पुलिस अधिकारियों के अलावा ट्रेंड हुए पुलिसकर्मी के परिवार वाले और इस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जो पुलिसकर्मी यहां ट्रेंड हुए हैं, उन्हें साइबर सिक्योरिटी, ऑनलाइन क्राइम के अलावा 01 जुलाई से लागू होने जा रहे नए कानून को लेकर भी पूरी



जानकारी दी गई है और इसके लिए उन्हें ट्रेंड किया गया है। इन 1355 पुलिसकर्मियों में से 92 पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई कर चुके हैं। जबकि 1000 पुलिसकर्मी ग्रेजुएट हैं। ज्वाइंट डायरेक्टर आसिफ मोहम्मद अली ने इस कार्यक्रम में शुरुआत की और डिप्टी डायरेक्टर- 1 जितेंद्र मणि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर भवानी सिंह राठौड़ भी शामिल हुए।

इस अवसर पर स्पेशल पुलिस कमिश्नर दीपेंद्र पाठक ने परेड को संबोधित करते हुए उन्हें कई तरह की नई जानकारियां दी और भर्ती हुए सभी नए पुलिसकर्मी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। अलग-अलग प्रतियोगिता में बेस्ट परफोर्मेंस देने वाले पुलिसकर्मी को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## दिल्ली पुलिस के इतिहास में पहली बार 15 दिव्यांग हुए भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के इतिहास में पहली बार दिव्यांगों की भर्ती हुई है। हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्रियल की भर्ती में 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें पांच



महिलाएं शामिल हैं। उनकी ट्रेनिंग भी हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्रियल के साथ हुई है, लेकिन आउटडोर ट्रेनिंग नहीं की गई है। यह सभी ड्यूटी करेंगे लॉ एंड ऑर्डर छोड़कर, इनका काम सिविलियन वर्क होगा। दिल्ली पुलिस का समानता के रूप में यह बढ़ता हुआ एक और कदम है। इन 15 में से एक लड़की व्हील चेयर पर है।

## ये तो तानाशाही है- सुनीता केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल की गिरफ्तार के



बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने 'एक्स' पोस्ट कर कहा कि ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। सुनीता केजरीवाल ने 'एक्स' पर लिखा 20 जून अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। तुरंत ईडी ने स्टे लगवा लिया। अगले ही दिन सीबीआई ने आरोपित बना दिया और आज गिरफ़्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाये। ये क़ानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है।

# मेट्रो स्टेशन के नजदीक बड़ा हादसा टला

### मेहरौली बदरपुर रोड पर डीटीसी की बस 10 से 15 फीट गड्ढे में फंसी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अभी मानसून की शुरुआत भी नहीं हुई है, लेकिन उससे पहले ही दिल्ली की सड़कों का धंसने का सिलसिला शुरू हो गया है। सुबह करीब 7:00 बजे दिल्ली की सबसे व्यस्ततम सड़क मेहरौली बदरपुर रोड पर डीटीसी इलेक्ट्रिक बस लगभग 10 से 15 फीट गड्ढे में चली गई। घटना मेहरौली बदरपुर रोड साकेत मेट्रो स्टेशन के पास की है। हालांकि इससे कोई जान-माल का नुकसान नही हुआ।

जब डीटीसी 419 रूट नंबर की बस कश्मीरी गेट से लाडो सराय की ओर जा रही थी जैसे ही बस साकेत मेट्रो स्टेशन फुट ओवरब्रिज के पास पहुंची तो एकाएक सड़क धंस गई और बस करीब 15 से 20 फीट गड्ढे में चली गई।

हालांकि गनीमत रही की जिस वक्त यह घटना हुई, उस वक्त बस में चार से पांच ही लोग सवार थे। क्योंकि बस अपने गंतव्य से कुछ दूरी पर थी। इस घटना के बाद भी कई घंटे तक कोई भी मदद अभी तक नहीं पहुंची है बस के गड्ढे में जाने से



मेहरौली बदरपुर रोड पर तकरीबन 4 से 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे सुबह के वक्त इस सड़क से आने जाने वाले लोगों काफी दिक्कत हुई। मीडिया से बात करते हुए बस के ड्राइवर भूपेंद्र चौहान ने बताया कि हमने मेट्रो की सवारी जैसे ही उतारी और थोड़ा ही आगे बस बढ़ी कि आगे चलने पर ही चलते-चलते सड़क धंस गई और देखते-देखते बस उस गड्ढे में समा गई। जिसके बाद गड्ढे से पानी निकलने लगा। सुबह 7:00 बजे यह सड़क धंसी थी और तब से कोई मदद नहीं पहुंची जिसकी वजह से पीछे काफी लंबा जाम लग गया।

ड्राइवर ने बताया कि जिस वक्त बस गड्ढे में धंसी थी उस वक्त बस में चार से पांच सवार थे इसीलिए किसी को कोई चोट नहीं आयी। उन्होंने बताया कि बस 419 रूट नंबर की है और यह कश्मीरी गेट से लाड़ो सराय की ओर जा रही थी।

# धामी ने भूपेंद्र से किया मुलाकात

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नयी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर उन्हें पुनः पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का दायित्व मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस दौरान, केंद्रीय उपक्रमों द्वारा गैर वानिकी परियोजनाओं के लिए वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताओं को अनुमोदन का अनुरोध भी किया।

श्री यादव को श्री धामी ने अवगत कराया कि वर्तमान में जौलीग्रांट एयर पोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य गतिमान है। जिसके लिये वन विभाग की 87.0815 है0 भूमि का हस्तान्तरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु आस-पास के क्षेत्रों की कुल 96.2182



है0 भूमि में से 87.0815 है0 भूमि वन विभाग की भी अधिग्रहण की जानी है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार और वन विभाग के पक्ष में निर्णय पारित किया जा चुका है। न्यायालय के उक्त निर्णय के उपरान्त जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारण हेतु वन विभाग की उक्त 87.0815 है0 भूमि नागरिक विभाग को हस्तान्तरण करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं है।

# डीएम एसपी द्वारा कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**चित्रकूट ।** डीएम शिवशरणप्पा जी०एन० की अध्यक्षता में व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था अभियोजन व रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा, नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों की अवैध व्यापार पर रोक के लिए बैठक सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था में अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति, गिरोह बंद अधिनियम, महिलाओं और नाबलिकों के विरुद्ध अपराध, पास्को एक्ट, अपहरण, आईपीसी, सत्र न्यायालय, अन्य अधिनियम, संमन व तमिला गवाहों की उपस्थिति आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई । जिलाधिकारी ने कहा कि जो पुराने मुकदमें में सजा दिला दिया गया है उसे लिस्ट से हटाए । उन्होंने फर्जी मुकदमे लिखवाने वालों के प्रति कड़ाई से निपटे कहा कि किसी के विरुद्ध फर्जी मुकदमा न लिखा जाए ।थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि गैंगस्टर एक्ट में इतनी दहशत होनी चाहिए कि अपराधी स्वयं आकर सेरेन्डर करें। महिलाओं व नाबालिकों के अपराध के संबंध में उन्होंने कहा कि इसमें कमी आनी चाहिए।



उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के अंतर्गत जधन्य हिंसा की शिकार महिलाओं/ बालिकाओं को योजना से संबंधित 9 धाराओं, धारा 326 क, धारा 304 क, धारा 376 बी, धारा 376 ग, 376 घ, धारा 4 पास्को धारा 6 पास्को, धारा 14 पास्को एवं धारा 302 के साथ पठित पास्कों की धारा 4 या धारा 6 की पीड़िता को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। जनपद चित्रकूट में वर्तमान समय तक कुल तीस लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो कमेटी बनाई गई है व छतीपूर्ति अवशेष है उसमें कमेटी से संमन्वय बनाकर जल्द से जल्द निस्तारण कराएं ।उन्होंने कहा कि जो समस्या आ रही है उसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर इसका भी निस्तारण कराएं।

उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा केंद्र के निर्धारण के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि दूरियां अधिक होने की स्थिति में जनपद के शहर में चार केंद्र निर्धारण किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्ही विद्यालयों को चिन्हित करें जिसे रेपुटेशन अच्छी हो उन्होंने कहा कि राधा सेठ पोद्दार इंटर कॉलेज, व श्री जगत रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय को मानक के उपयुक्त पाए जाने की पश्चात प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा सुचिता पूर्ण होनी चाहिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

सड़क सुरक्षा संबंधित बैठक में उन्होंने कहा कि अवैध टैक्सी स्टैंड पर वसूली नहीं होनी चाहिए जो चिन्हित स्थल है वहीं पर स्टैंड बनाएं ।

उन्होंने कहा कि ए आर एम रोडवेज, पुलिस क्षेत्राधिकारी व उप जिलाधिकारी, यातायात प्रभारी समन्वय बनाकर अभियान चलाकर एक हफ्ते के अंदर बस स्टैंड व टेंपो स्टैंड को हटाए उन्होंने कहा की जगह-जगह बस व टेंपो के किराया सूची का रेट भी लिखवाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत जो स्पाट चिन्हित किए गए हैं उस पर ब्रेकर, शाइनिंग बोर्ड लगवाए एवं जहां पर लगाए गए हैं उसकी सूची प्रेषित करें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये कि जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिला अधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिला अधिकारी कर्वी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, उप जिला अधिकारी सतीश चंद्र, मोहम्मद जसीम अहमद, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा, सहित शासकीय अधिवक्ता व अधिकारी उपस्थित थे।

# केजरीवाल को विशेष अदालत ने तीन दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** आबकारी नीति कथित घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने तीन दिनों के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने श्री केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद श्री केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ आज उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया।

इससे पहले श्री केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती थी और उन्होंने अपनी याचिका ( ) वापस ले ली



न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें अपनी यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी। शीर्ष अदालत के समक्ष मुख्यमंत्री केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने 25 जून के आदेश को चुनौती देने के लिए नई याचिका दायर करने के लिए तत्काल मामले को वापस लेने की गुहार लगाई।

उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय फैसला आ चुका है, जिसमें सभी तरह के मुद्दे हैं। श्री सिंघवी ने यह भी अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता केजरीवाल को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने फिर से गिरफ्तार किया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने (केजरीवाल को याचिका वापस लेने और नई याचिका दायर करने की अदालत की अनुमति पर) कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। श्री केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

# मंझनपुर थाने के पास गंदगी से एएसपी ने जताई नाराजगी





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा को सलामी दी गयी। थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना, स्ट्रांग रूम, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा शस्त्रागार में शस्त्रों को भी चेक किया गया। बैरक, मेस व थाना परिसर का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## सीवर लाइन की खुदाई के दौरान दो मजदूर मिट्टी में दबे, एक की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना दादरी क्षेत्र के अजायबपुर गांव के पास सीवर लाइन की खुदाई करते समय दो मजदूर मिट्टी में दब गए। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया। दोनों मजदूरों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना दादरी क्षेत्र के अजायबपुर गांव में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से सीवर लाइन का काम कराया जा रहा है। डाइव इंटरप्राइजेज की ओर से खुदाई कर पाइप लाइन बिछाई जा रही थी। मौके पर 20 से अधिक मजदूर काम कर रहे थे। रात को सत्री और आदित्य करीब दस फीट गहरे गड्ढे में पाइप लाइन जोड़ रहे थे। आरोप है कि तभी चालक अनिल ने मशीन तेजी और लापरवाही से चालू कर दी। जिससे साइड की दीवार की मिट्टी पाइप लाइन जोड़ रहे सत्री और आदित्य पर गिर गई। दोनों मिट्टी में दब गए।

# गाजियाबाद में लव जिहाद : धर्म छिपाकर युवती से की शादी, फिर पीड़िता से की हैवानियत

**एजेंसी**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में थाना अंकुर विहार क्षेत्र की एक कॉलोनी में लव जिहाद का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवक ने धर्म छिपाकर युवती से शादी की। जब युवती को सच्चाई का पता चला तो उसने विरोध किया। इस पर आरोपी ने युवती की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक युवती की एक साल पहले नरेश उर्फ समीर से दोस्ती हुई थी। बाद में पता चला कि समीर ने अपना नाम बदलकर खुद को नरेश निवासी सीमापुरी दिल्ली बताया था। बाद में दोनों की मुलाकात हुई। समीर रोजाना युवती से फोन पर बात करने लगा। युवती पहले दिल्ली के मानसरोवर पार्क स्थित एक फैक्ट्री में काम करती थी, लेकिन बाद में आरोपी ने उसे अपने साथ फैक्ट्री में नौकरी लगवा दी। इसके बाद आरोपी उसके घर आने-जाने लगा। आरोप है कि 13 मार्च को आरोपी ने युवती से शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए और किसी को न बताने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उसने शादी का आश्वासन दिया। 23 मई को आरोपी युवती को हरिद्वार ले गया और अगले दिन शिव मंदिर में उससे शादी कर ली। आरोपी ने युवती की मांग तो भरी, लेकिन सात फेरे नहीं लिए और न ही मंत्र पढ़े। इसके बाद समीर युवती को दिल्ली स्थित अपनी दुकान पर ले गया। फिर वहां के लोग नरेश की जगह आरोपी को समीर कहने लगे। युवती ने जब इस बारे में पूछा तो उसने अपना धर्म और घर का पता शहीद नगर गाजियाबाद बताया। युवती का आरोप है कि समीर ने उसका धर्म बदलकर उससे शादी कर ली और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। उसने उसे जान से मारने की धमकी दी, लेकिन उसने धर्म परिवर्तन नहीं किया। इसके बाद आरोपी ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। वह किसी तरह समीर के चंगुल से छूटकर घर आई और अपने परिजनों के जरिए पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में अंकुर विहार एसीपी भास्कर वर्मा का मामले में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## कौन है फिल्म महाराज की किशोरी

# शालिनी पांडे

## रणवीर सिंह के साथ पर्दे पर कर चुकी हैं रोमांस



आमिर खान के बेटे जुनैद खान भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके है। उन्होंने ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म महाराज से अपना डेब्यू किया है। हालांकि, उनकी ये फिल्म पर्दे पर रिलीज न होकर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 21 जून को रिलीज हुई है।

फिल्म को दर्शकों की जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और जुनैद की एक्टिंग की भी तारीफ हो रही हैं। इसके अलावा फिल्म में दिखाया गया किशोरी का किरदार भी लोगों को भा गया। किशोरी का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस शालिनी पांडे है। जो पहले रणवीर सिंह के साथ भी काम कर चुकी हैं।

**कौन है शालिनी पांडे**

साल 2022 में रिलीज हुई रणवीर सिंह की फिल्म जयेशभाई जोरदार में शालिनी पांडे नजर आई थीं। इस फिल्म में शालिनी ने जयेश की पत्नी मुद्राका किरदार निभाया था, जो एक बेटी के जन्म के बाद फिर से प्रेग्नेंट होती हैं। इससे पहले वो मेरी निम्मो से अपना बॉलीवुड कर चुकी थी, जो साल 2018 में रिलीज हुई थी।

**साउथ फिल्म में भी काम कर चुकी हैं शालिनी**

बता दें, शालिनी पांडे ने अपने करियर की शुरुआत साउथ फिल्मों से की थी। उन्होंने साउथ की सुपरहिट  अर्जुन रेड्डी में का किया, जिससे वह रातों रात स्टार बन गई थी। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा भी नजर आए थे।

**रियल लाइफ में बोल्ड हैं किशोरी**

फिल्म में भोली भाली लड़की के किरदार में शालिनी नजर आ रही हैं, लेकिन रियल लाइफ में बोल्ड हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक से एक हॉट तस्वीरें शेयर की हुई हैं ।शालिनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। शालिनी के इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन फॉलोअर्स हैं, लेकिन वो खुद किसी को फॉलो नहीं कर रही हैं।

**घरवालों के खिलाफ जाकर अभिनेत्री बनीं शालिनी**

एक्ट्रेस ने सालों पहले एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उनके पिता को उनका फिल्मों में आना पसंद नहीं था ।वह चाहते थे कि उनकी बेटी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करके आईटी कंपनी में जॉब करे, लेकिन किस्मत में पर्दे पर छाया लिखा था ।बेटी की पहली फिल्म को हिट होता देख एक्ट्रेस के पिता काफी खुश हुए थे। एक्ट्रेस तेलुगू और हिंदी फिल्मों के अलावा तमिल इंडस्ट्री में भी काम कर चुकी हैं।



# अर्जुन कपूर

## की बर्थडे पार्टी में शामिल ना होने के बाद Malaika Arora ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

बॉलीवुड के मोस्ट वांटेड मुंडा अर्जुन कपूर आज अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। बर्थडे से एक दिन पहले लेट नाइट पार्टी में अर्जुन कपूर और उनके फ्रेंड्स को देखा गया लेकिन इस पार्टी से मलाइका अरोड़ा कहीं गायब थीं। ऐसे में सोशल मीडिया पर ये अफवाह पहले से ही चल रही है कि दोनों अलग हो चुके हैं ।ब इन सबके बीच मलाइका अरोड़ा ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। मलाइका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक कोट शेयर किया है जिसका अर्थ है – मैं उन लोगों को पसंद करती हूं जिनपर मैं आंख बंद होने पर और पीठ पीछे भी भरोसा कर सकूं। अब इस पोस्ट से फैंस ये कयास लगा रहे हैं कि क्या वाकई एक्टर्स के बीच सबकुछ ठीक नहीं है?



**मलाइका अरोड़ा ने लिखा क्रिप्टिक पोस्ट**

बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने साल 2019 से एक-दूसरे को ऑफिशियली डेट करना शुरू कर दिया था। हालांकि कुछ समय पहले पिंकविला ने लिखा कि दोनों अलग हो गए हैं। पोर्टल ने लिखा- %मलाइका और अर्जुन का रिलेशनशिप बहुत ही स्पेशल है। दोनों एक दूसरे के दिल में स्पेशल जगह बनाए रखेंगे। इस आधार पर उन्होंने अलग होने का और इस मामले में चुप्पी बनाए रखने का फैसला लिया है। वो किसी को भी अपने इस रिलेशनशिप को खराब नहीं करने देंगे ।ज

**अर्जुन कपूर की आने वाली फिल्में**

मलाइका अरोड़ा की पहली शादी अरबाज खान से हुई थी। दोनों करीब 20 साल तक साथ रहे और उनका एक बेटा अरहान खान भी है। वहीं अर्जुन कपूर का नाम अर्पिता खान, परिणीति चोपड़ा और कुशा कपिला के साथ भी जुड़ चुका है। अर्जुन आने वाले समय में रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आएंगे ।इस फिल्म में करीना कपूर, अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ रणवीर सिंह नजर आएंगे। अर्जुन इन दिनों मेरी पत्नी का रीमेक में बिजी हैं।

## सलमान, शाहरुख और आमिर खान के बारे में ये क्या कह गए नवाजुद्दीन सिद्दीकी



नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने करियर में कई बड़े सितारों के साथ काम किया है. हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इंडस्ट्री के सुपरस्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान का जिक्र किया. नवाजुद्दीन ने सलमान के साथ 'किक' और 'बजरंगी भाईजान', शाहरुख के साथ 'रईस' और आमिर खान के साथ 'सरफरोश' और 'तलाश' में काम किया है. उन्होंने तीनों खान के साथ काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया. इसके साथ ही उन्होंने तीनों की खूबियों के बारे में भी बताया है.एक पॉडकास्ट में नवाजुद्दीन सिद्दीकी से पूछा गया कि वो सलमान, शाहरुख और आमिर में से किसे बेस्ट एक्टर मानते हैं? उन्होंने किसी का भी नाम लेने से इनकार करते हुए कहा कि तीनों में अलग-अलग टैलेंट है.

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने क्या कहा ?**

सलमान खान को लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि वो एक बेहतरीन इंसान हैं और असल जिंदगी में भी वो सभी का खूब मनोरंजन करते हैं. शाहरुख के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि वो बहुत मेहनती हैं. वो कोई भी काम तब तक नहीं छोड़ते जब तक वो परफेक्ट तरह से पूरा न हो जाए. साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि शाहरुख सबके साथ बेहद हम्बल रहते हैं. आमिर को लेकर नवाजुद्दीन ने कहा कि वो 'परफेक्शनिस्ट' हैं.

नवाजुद्दीन के मुताबिक, आमिर खान का हिंदी सिनेमा में खास योगदान रहा है. तीनों खान से अपनी तुलना पर नवाजुद्दीन ने कहा कि उनकी तुलना सलमान, शाहरुख या आमिर से नहीं की जा सकती है. उनके मुताबिक, उनकी फिल्मों की सफलता से इंडस्ट्री में पैसा आता है, जिसकी वजह से इंडस्ट्री में ऐसी छोटी फिल्में बन पाती हैं, जिनमें मेरे जैसे कलाकार काम करते हैं.फिल्मों की बात करें तो नवाजुद्दीन आखिरी बार हड्डी में नजर आए थे. उनका अगला प्रोजेक्ट क्राइम थ्रिलर 'रौतू का राज' है. इसमें उनके साथ अतुल तिवारी, राजेश कुमार और नारायणी भी अहम रोल्स में हैं. ये पिक्चर 28 जून 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी.

## Sunny Deol और सुनील शेट्टी ने बढ़ाया मदद के लिए हाथ, निर्माता वाशु भगनानी का दावा



बिल्डर और पूजा एंटरटेनमेंट के मालिक वाशु भगनानी पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। उनकी प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी पिछली कुछ फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप की मार झेलनी पड़ी ।बैल बॉटम से लेकर बड़े मियां छोटे मियां और मिशन रानीगंज जैसे महंगी बजट की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं कर पाई। बीते दिन ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया था कि फिल्मों के लगातार फ्लॉप होने की वजह से वह वित्तीय संकट में आ गए हैं,जिस पर वाशु भगनानी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सभी के सवालों का जवाब दिया और बताया कि उन्हें पता है कि बॉलीवुड में बिजनेस किस तरह से होता है।

इतना ही नहीं, उन पर 80 परसेंट कर्मचारियों को कंपनी से निकालने के आरोप भी लगे। इन सब विवादों के बीच ही अब बॉलीवुड के कई सितारों ने निर्माता को सपोर्ट किया और मदद का हाथ आगे बढ़ाया है।

**अक्षय कुमार ने फिल्म न चलने के बाद किया फोन**

वाशु भगनानी ने हाल ही में समाचार एजेंसी एएनआई से खास बातचीत करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी कंपनी से किसी कर्मचारी को नहीं निकाला है ।एक्टर्स को लोग बिना वजह के बदनाम कर रहे हैं, उनका अपना-अपना रूप होता है, जैसे ही पिक्चर नहीं चली, वैसे ही अक्षय कुमार का फोन मुझे आया और उन्होंने कहा कि जो भी होगा हम लोग मिल बांट कर करेंगे। अली अब्बास जफर से भी मेरी वही बात हुई, लेकिन मैं ये आश्वस्त करता हूं कि हम किसी का भी नुकसान नहीं होने देंगे।

**सनी देओल ने भी दी निर्माता को सांत्वना**

वाशु भगनानी ने आगे बताया कि अक्षय के अलावा इस तरह की खबरें सामने आने के बाद गदर 2 एक्टर सनी देओल का भी फोन आया था और उन्होंने मदद का हाथ आगे बढ़ाते हुए कहा था कि वह उनके साथ खड़े हैं, क्योंकि उन्हें इस बात का एहसास है कि जब पब्लिक इस तरह के आरोप लगाती है, तो इंसान पर क्या बीतती है ।वाशु भगनानी ने कहा कि मुझे ये बात सुनकर बेहद ही खुशी हुई, क्योंकि मैंने उनके साथ आज तक किसी भी फिल्म में काम नहीं किया है। निर्माता ने ये भी बताया कि खिलाड़ी कुमार और सनी के अलावा सुनील शेट्टी ने भी उन्हें सपोर्ट किया।

## मंत्रालय ने तमिलनाडु सरकार के श्रम विभाग से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने विभिन्न मीडिया रिपोर्टों पर संज्ञान लिया है, जिसमें दावा किया गया है कि फॉक्सकॉन इंडिया एप्पल आईफोन फैक्ट्री में विवाहित महिलाओं को काम करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इन रिपोर्टों के संदर्भ में, मंत्रालय ने तमिलनाडु सरकार के श्रम विभाग से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 की धारा 5 में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि पुरुष एवं महिला श्रमिकों की भर्ती करते समय कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। चूंकि राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों की बाध्यता और प्रबंधन के लिए उपयुक्त प्राधिकारी है, इसलिए राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही, क्षेत्रीय मुख्य श्रम आयुक्त कार्यालय को भी तथ्यात्मक रिपोर्ट श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, केंद्र सरकार को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

## कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने बायजू से संबंधित हालिया समाचार रिपोर्टों का खंडन किया




**नई दिल्ली।** हाल ही में ऐसी रिपोर्टें आई हैं जिनमें यह दावा किया गया है कि कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा चल रही जांच में बायजू को वित्तीय धोखाधड़ी से मुक्त कर दिया गया है। यह स्पष्ट रूप से साफ किया जाता है कि ऐसी रिपोर्टें तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एमसीए द्वारा शुरू की गई कार्यवाही अभी भी जारी है और इस स्तर पर इस मामले में कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए।

## राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण अध्यक्ष अजय भूषण ने सीतारमण से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) के अध्यक्ष अजय भूषण पांडे ने यहां केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण अध्यक्ष अजय भूषण पांडे से मुलाकात की है। हालांकि, इस मुलाकात की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण एक स्वतंत्र नियामक है। यह कंपनी अधिनियम 2013 के तहत लेखा परीक्षा पेशे और भारतीय लेखा मानकों की देखरेख के लिए स्थापित किया गया है। इसका काम केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन के लिए कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली लेखांकन और लेखापरीक्षा नीतियों और मानकों की सिफारिश करना है।

## दो दिन की नीलामी में 141.4 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बिका, सबसे ज्यादा एयरटेल ने 6,857 करोड़ का खरीदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों में ही खत्म हो गई। दो दिन की नीलामी में सरकार को सिर्फ 11,340.78 करोड़ रुपये ही मिले। यह रकम प्रस्तावित स्पेक्ट्रम के लिए अनुमानित न्यूनतम मूल्य 96,238 करोड़ रुपये का 11.78 फीसदी है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया, नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच कुल 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की गई। अनुमान है कि सात दौर की बोलियों में सिर्फ 141.4 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम ही बेचे गए हैं। नीलामी के पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगाई गईं। ज्यादा गतिविधि नहीं हुई। इस कारण अधिकारियों ने दिन में करीब 11:30 बजे नीलामी खत्म करने की घोषणा कर दी। बाजार पर्यवेक्षकों ने कम बोली की अपेक्षा की थी क्योंकि दूरसंचार कंपनियां स्पेक्ट्रम नवीनीकरण के साथ अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए रेडियो तरंगों पर चुनिंदा रूप से ध्यान दे रही हैं। पिछली नीलामी 2022 में हुई थी, जो सात दिन तक चली थी। उसमें 5जी स्पेक्ट्रम की रिकॉर्ड 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई थी। स्पेक्ट्रम नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने हिस्सा लिया। भारती एयरटेल ने ताजा नीलामी में सबसे ज्यादा 6,856.76 करोड़ रुपये में 97 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कुल बिके रेडियो तरंगों का करीब 60 फीसदी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खादी के बने योग परिधानों और मैट की बंपर बिक्री

### केवीआईसी ने कई सरकारी विभागों को 8.67 करोड़ रुपये के खादी के बने योग परिधानों और मैट की आपूर्ति की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों खादी के कारीगरों के लिए विशेष प्रसन्नता लेकर आया। 21 जून को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने देश भर में 55 खादी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों को 8,67,87,380 रुपये मूल्य के 1,09,022 योग-मैट और 63,700 योग परिधानों की बिक्री की। आंकड़े जारी करते हुए केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'ब्रांड पावर' ने योग के साथ-साथ खादी की भारतीय विरासत को भी लोकप्रिय बना दिया है। खादी परिवार के लिए यह खुशी की बात है कि इस बार हमारे खादी कारीगरों द्वारा बनाए गए विशेष योग परिधानों और चटाईयों की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार योग दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर में और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अहमदाबाद में खादी के योग परिधान पहनकर योग किया। यह खादी



कारीगरों के लिए गर्व की बात है।

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने आगे कहा कि खादी से बने योग परिधान और मैट स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बहुत लाभप्रद हैं, क्योंकि ये बिना किसी रसायन के और न्यूनतम पानी के इस्तेमाल से बनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के विशेष अवसर पर खादी के योग परिधान और मैट की बिक्री इस बात का प्रतीक है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार अपनी विरासत खादी के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा के लिए भी कृतसंकल्प है। इससे वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई शक्ति मिलती है। जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस बार केवीआईसी ने आयुष मंत्रालय की मांग पर खास खादी के योग कुर्ते (टी-शर्ट स्टाइल में) तैयार किए। इन्हें खास तौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया। योग दिवस के मौके पर दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित केवीआईसी के खादी भवन ने अकेले आयुष मंत्रालय को 50 हजार योग-मैट और 50 हजार योग परिधानों की आपूर्ति की। इसमें 300 प्रीमियम क्वालिटी के योग-मैट भी शामिल थे। इसके साथ ही मंत्रालय की मांग के अनुसार श्रीनगर में 25 हजार खादी के बने योग-मैट और परिधान तथा श्रीनगर में 10 हजार मैट और योग परिधानों की आपूर्ति की गई। श्रीनगर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हजारों लोगों ने खादी के परिधान पहनकर योगाभ्यास में भाग लिया।आयुष मंत्रालय के अलावा केवीआईसी ने मुख्य रूप से मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर और पंचकूला, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, ओएनजीसी और नाल्को को योगाभ्यास के लिए खादी से बने योग परिधानों और योग-मैट की आपूर्ति की। कुल 8,67,87,380 रुपये की आपूर्ति में खादी योग परिधानों की बिक्री 3,86,65,900 रुपये और मैट की बिक्री 4,81,21,480 रुपये रही। मांग के अनुसार केवीआईसी ने आपूर्ति के लिए देश भर की खादी संस्थाओं को पहले ही सूचित कर दिया था, जिसमें गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और दिल्ली की 55 संस्थाएं शामिल थीं। इससे खादी संस्थाओं से जुड़े कताई करने वालों, बुनकरों और खादी श्रमिकों को अतिरिक्त मजदूरी के साथ-साथ रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी मिले।

## सर्राफा बाजार में सोने की सपाट चाल, चांदी हुआ सस्ता

एजेंसी

**मुंबई।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार होता नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर बाजारों में सोना मंगलवार के भाव पर ही कारोबार कर रहा है। हालांकि चेन्नई में आज सोने के दाम में गिरावट आई है। देश के सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 72,870 रुपये से लेकर 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,790 रुपये से लेकर 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है। आज की गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अलबत्ता, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर, और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। आज ब्रेंड क्रूड 0.37 डॉलर यानी 0.44 फीसदी की बढ़त के साथ 85.38 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.39 डॉलर यानी 0.48 फीसदी उछलकर 81.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## बल्क वेस्ट जेनरेटर (बीडब्ल्यूजी) में अपशिष्ट प्रबंधन की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के मूल्यांकन पर केंद्रित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के 9वें संस्करण की तीसरी तिमाही (क्यू3) का आरंभ किया। सर्वेक्षण का तीसरा चरण बल्क वेस्ट जेनरेटर (बीडब्ल्यूजी) में अपशिष्ट प्रबंधन की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के मूल्यांकन पर केंद्रित होगा। व्यापक स्वच्छ सर्वेक्षण में 4 तिमाहियों का मूल्यांकन शामिल है। पहली दो तिमाहियों में शहर की सफाई के विभिन्न मापदंडों पर नागरिकों से टेलीफोन पर प्रतिक्रिया शामिल है, तीसरी तिमाही में प्रसंस्करण सुविधाओं के मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जबकि चौथी तिमाही में सभी संकेतकों पर क्षेत्र मूल्यांकन पर प्रकाश डाला गया है।

शहरी भारत में प्रतिदिन लगभग 150,000 टन कचरा उत्पन्न होता है। बढ़ते शहरीकरण और जीवनशैली में बदलाव के कारण नगरपालिका के ठोस कचरे में काफी वृद्धि देखी जा सकती है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, अनुमान है कि शहर में लगभग 30 से 40 प्रतिशत कचरा बीडब्ल्यूजी द्वारा उत्पन्न होता है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 बीडब्ल्यूजी को उन संस्थाओं के रूप में परिभाषित करता है, जिनकी औसत अपशिष्ट उत्पादन दर प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक है, जिसमें सभी प्रकार के अपशिष्ट शामिल हैं। इस नियम का उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों पर प्रबंधन और वित्तीय बोझ को कम करना, कचरे को लैंडफिल में जाने से रोकना और वायु, मिट्टी व भूजल प्रदूषण के साथ-साथ शहर के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। आवासीय और वाणिज्यिक परिसरों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी निकायों, सामाजिक बुनियादी ढांचे जैसे होटल, विश्वविद्यालय, रेलवे और बस स्टेशन, हवाई अड्डों जैसे थोक अपशिष्ट उत्पादकों को स्रोत पर कचरे को अलग करना, अपने परिसर में खाद बनाने वाली इकाइयां स्थापित करके खाद और बायोगैस का उत्पादन करने के लिए जैव-अपघटनीय कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण सुनिश्चित करना आवश्यक है। बीडब्ल्यूजी को निर्माण और तोड़फोड़ (सीएंडडी) से उत्पन्न कचरे को भी अलग से संग्रहित करना है। कुल अपशिष्ट उत्पादन में उनकी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी को देखते हुए, बीडब्ल्यूजी की कार्रवाइयां स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के भविष्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिसका लक्ष्य शहरों को कचरा मुक्त बनाना है। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के विभिन्न कार्यान्वयन घटकों में शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता निर्माण के निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तीसरी तिमाही 5 जुलाई को शुरू होगी, जिसमें स्थानीय शहरी निकायों के अधिकार क्षेत्र में बीडब्ल्यूजी द्वारा उत्पन्न कचरे के संग्रह, परिवहन, प्रसंस्करण और अंतिम निस्तारण सहित अपशिष्ट प्रबंधन के सभी पहलुओं को मान्य किया जाएगा।

चार तिमाहियों में फैले, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की चौथी तिमाही सितंबर-अक्टूबर, 2024 के आसपास शुरू होने की उम्मीद है।

## एलाइड ब्लेंडर्स के आईपीओ को दूसरे दिन मिला 1.51 गुना अभिदान

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को दूसरे दिन 1.51 गुना अभिदान मिला। कंपनी का आईपीओ 27 जून को बंद होगा। इसके बाद एबीडी के शेयर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

एनएसई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1,500 करोड़ रुपये की आरंभिक शेयर बिक्री में 3,93,71,669 शेयरों के मुकाबले 5,96,04,754 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। कंपनी के मुताबिक गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 2.98 गुना, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशक (आरआईआई) खंड को 1.65 गुना अभिदान मिला। पात्र




संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 14 फीसदी अभिदान मिला है। ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एबीडी के आईपीओ में एक हजार करोड़ रुपये के नए शेयर और 500 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया हुआ है। गौरतलब है कि कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम से पहले एंकर निवेशकों से 449 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

उल्लेखनीय है कि एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को एबीडी के तौर पर जाना जाता है। ये भारतीय निर्मित विदेशी शराब कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

कंपनी के पोर्टफोलिया में व्हिस्की, ब्रांडी, रम और वोदका के 16 ब्रांडों के प्रॉडक्ट शामिल हैं। इनमें ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की, स्टर्लिंग रिजर्व और ऑफिसर्स च्वाइस ब्लू सहित अन्य प्रमुख ब्रांड शामिल हैं, जिसका दुनियाभर के 22 देशों में निर्यात होता है।

## स्टैंडर्ड डिडक्शन एक लाख होने की उम्मीद, मूल छूट सीमा बढ़कर हो सकती है 3.5 लाख रुपये

एजेंसी

**मुंबई।** सरकार बजट में नई कर व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन दोगुना बढ़ाकर एक लाख कर सकती है। या फिर मूल छूट सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख किया जा सकता है। टैक्स परामर्श कंपनी अर्स्ट एंड यंग (ईएंडवाई) ने कहा, आगामी बजट में कराधान सुधारों पर प्राथमिकताओं पर सरकार को जोर देना चाहिए।

ईएंडवाई ने बजट से पूर्व राय में कहा, सरकार को कर संरचनाओं को व्यवस्थित करना चाहिए। आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बढ़ाना चाहिए। निवेश और विकास के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने पर जोर कॉरपोरेट कर दरों में स्थिरता बनाए जाए। टीडीएस प्रावधान को हो। रखी तर्कसंगत बनाने के साथ विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए।सलाहकार फर्म ने बुधवार को कहा, व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट-कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए मानक कटौती और मूल छूट सीमा में बदलाव हो सकता है। सरकार ने टेक्नोलॉजी और डेटा-संचालित कर अनुपालन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए कई अच्छी पहल की है।

# स्टेट बैंक ने बॉन्ड के माध्यम से जुटाए 10 हजार करोड़ रुपये




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश और सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉन्ड के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये जुटाए हैं। बैंक ने यह राशि 7.36 फीसदी की देय कूपन दर पर जुटाई है। एसबीआई ने नियामक फाइलिंग में बताया कि उन्होंने बॉन्ड के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये जुटाए हैं। स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। बैंक ने बताया कि कुल 19,884 करोड़ रुपये से अधिक की 143 बोलियां मिली हैं। इसमें निवेश करने वाले निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स क्षेत्र से थे। सार्वजनिक क्षेत्र के कर्जदाता बैंक के मुताबिक ये बॉन्ड इंफ्रा प्रोजेक्ट में फंडिंग के लिए जारी किया गया है। एसबीआई के मुताबिक सालाना 7.36 फीसदी की देय कूपन रेट पर ये बॉन्ड जारी किया गया है। बैंक के मुताबिक इसमें 5 हजार करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले करीब चार गुना अधिक अभिदान मिला है। इसको निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बैंक ने कहा कि बॉन्ड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।


# आयकर विभाग ने करदाताओं को रिफंड विफल होने पर दोबारा अनुरोध करने की दी सलाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वाले करदाताओं को रिफ़ंड विफल होने पर फिर से अनुरोध करने की सलाह दी है।

इनकम टैक्स विभाग ने एक बयान में कहा कि यदि किसी कारण से करदाताओं का रिफंड विफल हो जाता है तो पुनः अपना रिफंड जारी करने का अनुरोध करें। विभाग ने इसके लिए कहा कि कृपया इनकम टैक्स विभाग के आधिकारिक वेबसाइटhttps:ncometa&.gov.in/iec/foportal/पर जाएं।

**पहला चरण:-** आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर लॉग इन करें।




**दूसरा चरण:-** 'मेरा खाता' पर जाएं, 'सेवा अनुरोध' पर क्लिक करें और 'अनुरोध प्रकार' के स्थान पर 'अनुरोध देखें' और 'अनुरोध श्रेणी' के स्थान पर 'धन वापसी पुनः जारी करें' का चयन करें।

तीसरा चरण : 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें। सबमिट किए गए रिफंड रीइश्यू अनुरोध की स्थिति प्रदर्शित की जाएगी। इस तरह आयकर विभाग के दिए गए निर्देश का स्टेप बाई स्टेप पालन करें। इसके बाद रिफंड रीइश्यू अनुरोध का सफलतापूर्वक पालने करने के बाद आपके ट्रांजेक्शन आईडी पर मैसेज आएगा।

# शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.80 प्रतिशत और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

दिन के कारोबार में शेयर बाजार अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा और फिर आज के कारोबार का अंत भी क्लोजिंग के ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड के साथ हुआ। दिन के कारोबार में ज्यादातर समय खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के अलावा बाकी पूरे समय शेयर बाजार लगातार हरे निशान में बना रहा। आज के कारोबार के दौरान बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही टेक और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थ केयर, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के



कारोबार के बाद बढ़ कर 436.97 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 435.76 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.21 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,008 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,916 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,967 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 125 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,301 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,032 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,269 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 40.50 अंक की मामूली तेजी के साथ 78,094.02 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक 107.58 अंक की कमजोरी के साथ 77,945.94 अंक तक लुढ़क गया। सुबह 10 बजे के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 810 अंक से अधिक उछल कर 705.88 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 78,759.40 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 620.73 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 78,674.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 1.80 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 23,723.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली के दबाव की वजह से इस सूचकांक ने भी 50.85 अंक की कमजोरी के साथ 23,670.45 अंक तक गोता लगाया। लेकिन इसके बाद तेजड़ियों ने पूरी तरह से बाजार पर कब्जा कर लिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 215 अंक से भी अधिक की उछाल के साथ 168.60 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 23,889.90 अंक तक पहुंच गया।

पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 147.50 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 23,868.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज 4.12 प्रतिशत, भारती एयरटेल 3.15 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 2.74 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.67 प्रतिशत और ग्रासिम इंडस्ट्रीज 1.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। अपोलो हॉस्पिटल 2.52 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.99 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.92 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.78 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

